'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'
# समाचार गेट

वर्ष 1, अंक 03 पेज 8 | रविवार 03 मार्च, 2024 | TITLE CODE : HARHIN11569

City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform
News app · Online E-Paper · News Portal · Youtube · Facebook · Instagram · Twitter · Tumbler · Reddit

# हरियाणा में फिर से जीतेंगे 10 की 10 लोकसभा सीटें : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की 90 विधानसभाओं में चुनाव कार्यालय का गुरुग्राम से किया वचुर्अली उद्घाटन**

**प्रधानमंत्री मोदी 11 मार्च को गुरुग्राम आएंगे, करेंगे द्वारका एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन : मुख्यमंत्री**

**चुनावों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह, विपक्षी खेमे में ऊहापोह की स्थिति : मुख्यमंत्री मनोहर लाल**

**प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने भी पुंडरी से वर्चुअली जुड़कर रखा अपना संबोधन**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को गुरुग्राम से प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं में लोकसभा चुनाव कार्यालयों का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने दावा किया कि भाजपा इस बार भी हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतकर इतिहास रचेगी। मुख्यमंत्री ने यहां यह भी जानकारी कार्यकर्ताओं के सामने रखी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 मार्च को गुरुग्राम में आकर द्वारका एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करेंगे! प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी पुंडरी विधानसभा से इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े और मुख्यमंत्री मनोहर लाल से पहले अपना संबोधन रखा तथा डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जमकर प्रशंसा की। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के संबोधन को प्रदेश भर के सभी विधानसभा कार्यालयों पर आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद लाखों लोगों ने सुना।

गुरुग्राम के गुरुकमल कार्यालय में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बड़े और ऐतिहासिक काम किए हैं जिनकी चर्चा पूरे विश्व में होती है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभवत 11 मार्च को द्वारका एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने गुरुग्राम आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने संभावना जताई कि लोकसभा चुनाव की घोषणा भी 12 मार्च के आस पास हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले चार-पांच दिनों में प्रत्याशियों की चयन प्रक्रिया भी संभवत पूरी हो जाएगी।

मनोहर लाल ने चुनावों के बारे में बोलते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का उत्सव होता है और देश का यह सबसे बड़ा उत्सव है। उन्होंने कहा कि इस उत्सव में सभी राजनीतिक दल भाग लेते हैं, लेकिन चुनाव की दृष्टि से भाजपा की तैयारी सबसे आगे है। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पांच साल में आने वाले इस पर्व की तैयारियों में जुट जाएं और सभी जीत में अपनी भूमिका तय करें।

मनोहर लाल ने कहा कि प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्याशियों की घोषणा भी जल्द ही हो जाएगी। मुख्यमंत्री कहा कि जहां भाजपा के कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर उत्सव का माहौल है, वहीं दूसरे खेमों में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। विपक्षी पार्टियों में भगदड़ मची हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने से विपक्ष के नेता बचते नजर आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का वातावरण बन चुका है। अबकी बार 400 पार का नारा जनता लगा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यालय का उद्घाटन होने के साथ ही चुनाव की पद्धति के हिसाब से काम शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने बूथों को और मजबूत करने के काम में भी जुट जाएं। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुखों की हमारे पास 3 लाख कार्यकर्ताओं की मजबूती टीम है। लोकसभा चुनाव में पन्ना प्रमखों की भूमिका अहम रहने वाली है। सीएम ने कहा कि अब पन्ना प्रमुखों की टोली मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर जाकर बताएं। मतदाताओं के मन को पढ़ें उन्हें भाजपा की नीतियों से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जब मन ठीक हो जाएगा तो मत भी पार्टी के हित में आ जाएगा।

मनोहर लाल ने कहा कि मोदी सरकार ने धारा-370 को चुटकी में खत्म किया। सर्जिकल स्ट्राइक से आतंकवाद को सपोर्ट करने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाया। तीन तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त किया। प्रधानमंत्री मोदी के ही नेतृत्व में अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बना। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश भी प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा की पानीपत की धरती से दिया। आज हरियाणा में बेटियों का अनुपात बढ़कर 930 हो गया है।

मुख्यमंत्री ने मोदी और राज्य सरकार की उपलबधियां गिनवाते हुए कहा कि गरीब कल्याण की योजनाओं से गरीबों का कल्याण इन 10 सालों में किया गया है। गरीबों को पक्का मकान, उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर, हर घर नल से जल पहुंच रहा है। हरियाणा में 24 घंटा बिजली मिल रही है। सरकार ने हर गरीब की चिंता की है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम के बारे में बोलते हुए कहा कि इन 10 सालों में गुरुग्राम की पहचान विश्व स्तर पर बढ़ी है। गुरुग्राम अब दुनिया का ऑइकॉन सिटी बना है। विश्व की 500 कंपनियों में से 400 कंपनियों के कार्यालय गुरुग्राम में है। सीएम ने कहा कि दुनिया में भारत का नाम मोदी के नेतृत्व में सम्मान से लिया जाता है। जी-20 की बैठकों के बारे में बोलते हुए मनोहर लाल ने कहा कि जी-20 से भारत की वैश्विक पहचान बनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और मेहनत से देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लक्ष्य में जुट जाएं।

# 11 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी रोड शो कर करेंगे द्वारका एक्सप्रेस-वे का शुभारंभ : राव इंद्रजीत

**9 हजार करोड़ की लागत से तैयार हो रहा द्वारका एक्सप्रेसवे**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** एक महीने के अंतराल में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरी बार हरियाणा आकर करोड़ों की योजनाओं की सौगात देने जा रहे हैं। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 फरवरी को रेवाड़ी के माजरा में विशाल रैली को संबोधित कर एम्स सहित अनेक परियोजनाओं की सौगात दी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 मार्च को द्वारका एक्सप्रेसवे का रोड शो कर शुभारंभ करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री का रोड शो दिल्ली से शुरू होकर गुरुग्राम में समाप्त होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। केंद्रीय योजना मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि 1 महीने के अंतराल में ही प्रधानमंत्री का दूसरी बार गुरुग्राम लोकसभा में आगमन हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का हरियाणा से विशेष प्यार रहा है और उन्हें जब भी मौका मिलता है वे हरियाणा आकर करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं की सौगात देते है।

राव ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे एक्सप्रेस वे के आरंभ होने से गुरूग्राम और दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी साथ ही इस परियोजना में सडक़परिवहन की चार श्रेणी जोकि टनल, अंडरपास, फ्लाईओवर तथा फ्लाईओवर के ऊपर फ्लाई ओवर होंगे। हरियाणा वाले हिस्से में इस सडक़ की लंबाई 18.9 किलोमीटर तथा दिल्ली वाले क्षेत्र में 10.1 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम के निवासियो के लिए सरकार की यह एक बड़ी सौगात है। इस एक्सप्रेस-वे के आरंभ होने से न केवल गुरूग्राम बल्कि एनसीआर क्षेत्र में सड़कों के ढांचागत तंत्र को नया विस्तार मिलेगा। जिसका लाभ इस क्षेत्र के नए सेक्टरों में रहने वाले लोगों को भी होगा। साथ ही क्षेत्र मे तरक्की आएगी।

द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण चार खणडों में प्रगति पर है। जिनमें दिल्ली क्षेत्र में पहला महिपालपुर के शिव मूर्ति से बिजवासन तक (5.9 किमी), दूसरा बिजवासन आरओबी से गुरुग्राम में दिल्ली-हरियाणा सीमा तक (4.2 किमी), हरियाणा क्षेत्र में तीसरा दिल्ली-हरियाणा सीमा से बसई आरओबी तक (10.2 किमी) तथा चौथा बसई आरओबी से खेडक़ी दौला (क्लोवरलीफ इंटरचेंज) तक (8.7 किमी) है। दिल्ली में पहले खण्ड के निर्माण पर 2507 करोड़ रुपए, दूसरे पर 2068 करोड़ रुपए, हरियाणा क्षेत्र में तीसरे पर 2228 करोड़ रुपए तथा चौथे खण्ड के निर्माण पर 1859 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**देश में अपनी तरह का पहला एलिवेटेड 8 लेन एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेस वे**

लगभग 9000 करोड़ रुपए की लागत से द्वारका एक्सप्रेसवे एलिवेटेड 8-लेन एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेसवे बनाया जा रहा है। जिसमें 9 किलोमीटर लंबाई में सिंगल पिलर पर आठ लेन का 34 मीटर चौड़ा एलिवेटेड रोड भी है जोकि देश में अपनी तरह का पहला एलिवेटेड रोड है। हरियाणा में यह एक्सप्रेसवे पटौदी रोड (एसएच-26) में हरसरू के पास और फरूखनगर (एसएच-15 ए) में बसई के पास मिलेगा। इसके अलावा यह दिल्ली-रेवाड़ी रेललाईन को गुरूग्राम के सेक्टर-88 (बी) के पास और भरथल में भी क्रास करेगा। एक्सप्रेस-वे गुरूग्राम जिला में प्रस्तावित ग्लोबल सिटी के साथ-साथ सेक्टर - 88, 83, 84, 99, 113 को द्वारका सेक्टर-21 से जोड़ेगा।

# गुरुग्राम विस चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में जनसमूह के साथ पहुंचे नवीन गोयल

**सेक्टर-17 माधव सेवा केंद्र से गुरुकमल तक साथियों के साथ पैदल ही पहुंचे नवीन गोयल**

**हरियाणा की दसों लोकसभा सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी को फिर से बनाएंगे पीएम : नवीन गोयल**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को गुरुग्राम लोकसभा चुनाव के निमित गुरुग्राम विधानसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस समारोह में व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल शनिवार को सेक्टर-17 स्थित माधव सेवा केंद्र से सेंकड़ों कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ पैदल ही गुरुकमल कार्यालय में पहुंचे। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल भी साथ रहे।

पार्टी के झंडे लहराते हुए, भारत माता के जयकारे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जयकारे लगाते हुए साथी, कार्यकर्ता नवीन गोयल के साथ चले। नवीन गोयल ने कार्यकर्ताओं का जोश स्वयं भी नारे लगाते हुए दुगुना किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा अपने भाषण के माध्यम से दी गई जानकारी को सांझा करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि आगामी 11 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मां शीतला की धरती गुरुग्राम में आकर द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। यह गुरुग्राम ही नहीं बल्कि दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान के लिए भी खुशी की बात है। क्योंकि इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने के बाद भारी वाहनों को दिल्ली में प्रवेश नहीं करना पड़ेगा।

नवीन गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज से लोकसभा चुनावों की एक तरह से विधिवत शुरुआत कर दी है। इन चुनावों के निमित यहां पर गुरुग्राम विधानसभा का कार्यालय शुरू किया गया है। कार्यकर्ताओं को चुनाव में दी जाने वाली गाइडलाइंस व अन्य जानकारियों इसी कार्यालय से दी जाएंगी। गुरुग्राम विधानसभा में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया यहां से संचालित होंगी। नवीन गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में कार्यकर्ता पिछले एक साल से भी अधिक समय से लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटे हुए हैं। वैसे तो भारतीय जनता पार्टी सदा चुनावी मोड में रहती है, लेकिन चुनावी मौसम आने पर अब पार्टी का हर कार्यकर्ता पार्टी की विजय के लिए वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में और अधिक सक्रिय हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में जिस तरह से विकास की गंगा बहाई है, उससे तस्वीर साफ है कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी विजय हासिल करके देश की सबसे बड़ी पंचायत में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। तीसरी बार जन-जन के प्रिय नेता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे।

नवीन गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के अनेकों प्रोजेक्ट पर गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में काम हुआ है। चाहे सडक़ों की बात हो या बिजली की। चाहे हाइवे की बात हो या हवाई सफर की। हर स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खुले मन से काम किया है। जनता की हर उस कठिनाई को दूर करने का प्रयास किया है, जो पिछली सरकारें के समय में वर्षों से बनी थी। उन्होंने कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने पर खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं। भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक संगठन होने के साथ एक बड़ा परिवार भी है। ऐसा परिवार जिसमें कोई मतभेद नहीं, कोई मनभेद नहीं। नीचे के स्तर के कार्यकर्ता को भी यहां ऊंचा सम्मान दिया जाता है। नवीन गोयल ने कहा कि देश ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा में अनुशासन सर्वोपरि है। हर कार्यकर्ता अनुशासित रहकर काम करता है। अपनी जिम्मेदारी पूरी करता है। इसलिए कार्यकर्ताओं को पार्टी में उचित मान और सम्मान दिया जाता है।

# मुख्यमंत्री ने पटौदी की जनता के लिए सैकड़ों रूपए की सौगात दी

**लोकसभा की 10 की 10 सीटे भाजपा सरकार जीतेगी : जरावता**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** विधायक पटौदी सत्यप्रकाश जरावता ने बताया की आज हरियाणा के 90 विधानसभाओ में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया गया और इसी क्रम में पटौदी विधानसभा के कार्यालय का उद्घाटन विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने किया । माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेशानुसार सत्यप्रकाश जरावता ने कहा की हरियाणा के अंदर 10 की 10 सीटे भारतीय जनता पार्टी जीतेगी और 90 प्रतिशत मतदान पटौदी विधानसभा के लोग करेंगे पिछली बार करीब 1 लाख वोट आई थी और अबकी बार पटौदी विधानसभा में करीब 2 लाख से ज्यादा भारतीय जनता पार्टी जीतने का वोट का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर जरावता ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि खेत खलियान के 17 रास्ते 6 करोड़ की लागत से कार्य प्रगति पर है और माननीय मुख्यमंत्री जी ने विधानसभा सत्र के दौरान *खेत खलियान* के निम्न रास्ते जोकि जनौला से ढाणी तक, पीडब्ल्यूडी रोड सिवाडी की ढाणी, खवासपुर से बेरकी मंदिर, उमेद ट्यूबल से सोनू की ढाणी, मैन पीडब्ल्यूडी रोड से खंडेवला, जोड़ी कलां जोड़ी खुर्द से रेलवे स्टेशन, मुस्सेदपुर से ढाणी धन सिंह सरपंच, मैन हैली मंडी रोड से महिंदर की ढाणी, परमजीत एकेडमी से जोनियावास, अलीमुद्दीनपुर से गढ़ी नत्थेखां, जोड़ी खुर्द से धर्मवीर के घर तक, ऊंचा माजरा से बांसपदमका वाया महामाई मंदिर, शेरपुर से हुसैंका बीपीएल कॉलोनी, हुसैनका से मंदपुर, बिलासपुर से बिलासपुर खुर्द, पालासोली फिरनी से बलबीर की ढाणी, शाहपुर जट से इंछापुरी स्टेशन, गांव ग्वालियर में नवीन के घर से पावर ग्रिड तक, मऊ से दरापुर छत्री, खलीलपुर से घिलावास, खानपुर पटौदी मंडी सीम से मुंताजपुर, घिलावास चौकी रेलवे फाटक से बाबा भेरू मंदिर, जिंदल कंपनी से पथरेडी, बृजपुरा से आसियाकि, एनएच 8 बिनोला से बिटोडीया की ढाणी तातारपुर से घोशगढ़, राजबीर की आरामसीन से पंचायती जोहड़ तक 10 करोड़ 64 लाख 60 हजार की लागत से रास्ते मंजूर कर दिए है।

पीडब्ल्यूडी के निम्न रास्ते जोकि बस्तपुर से कापड़ीवास, कासन से मोकलवास, हेली मंडी महचाना रोड से गांव पालड़ी, पटौदी रेवाड़ी रोड से खानपुर, बिरहेड़ा सिवाड़ी रोड से ढाणी सुंदरपुर, एचएनपीपी रोड से आईटीआई ऊंचा माजरा और ऊंचा माजरा हरिजन बस्ती, लिंक रोड से तेलपुरी, बिरहेडा सिवाडी रोड से पालड़ी, एचएनपीपी रोड से पथरेड़ी, दौलताबाद से खोड, मौजाबाद-जटौली रोड से डाडावास, जोनियावास से राजकीय मिडल स्कूल जोनियावास, मालपुरा वाया लोकरा मऊ रोड, राजपुरा और खंडेवला जंक्शन (RD 84670 से 84810, RD 84560 और RD 85060), पटौदी रोड से पहाड़ी राजकीय प्राइमरी स्कूल, हेलीमंडी फर्रूखनगर रोड वाया महचाना से खुरमपुर, इंटरनल रोड से गढ़ी नत्थेखां, एचएनपीपी रोड से नूरपुर भोडा, खेतियावास से राजकीय प्राइमरी स्कूल खेतियावास, गांव मालाहेडा से लोहचब, रेवाड़ी पटौदी रोड से लोहचब, लिंक रोड से इंछापुरी शिव मंदिर, D.J. road से ढाणी शंकरवाली, लोकरा से खोड, जसात से राम नगर आश्रम वाया छिलरकी मंगवाकी नूरगढ़ एवम MES रोड से चांदला डूंगरवास तक कुल 26 रास्ते 2359.17 लाख रूपए की लागत से मंजूर किए तथा मार्केटिंग बोर्ड के निम्न रास्ते जोकि गांव बपास से बलेवा वाया नानूखुर्द, ढाणी चित्रसैन से चैनपुरा पीएचसी भोड़ा कलां, सिध्रावली से लोहचबका वाया पलासोली और दरापुर, हेडा हेड़ी से छोटा भोड़ा वाया मुमताजपुर बांसपदमका और तुर्कापुर, बलेवा से ततारपुर वाया दौलताबाद कुनी और तेलपुरी, खलीलपुर से मेहनियावास वाया घिलावास, बलेवा से खलीलपुर तक कुल 7 रास्ते 33.28 किलोमीटर व 383.39 लाख रूपए की लागत से स्पेशल मंजूर हो गए है जिसके टेंडर मार्च महीने में लग जाएंगे तथा जोड़ी से रामपुर, ऊंचा माजरा से बांसपदमका, राम नगर से गुरावडा, खेड़ी सुल्तानपुर से गुगाना, मिर्जापुर से हैली मंडी पटौदी तक रास्तों का कार्य प्रगति पर है तथा हकदारपुर (कृष्णापुरी) से मैन डाडावास रोड 70 लाख रूपए की लागत से, तीरपड़ी से जटौला 42.50 लाख रुपए की लागत से, गुगाणा से सती मंदिर 84 लाख रुपए की लागत से, पालड़ी से पचपीरा मंदिर 36 लाख रुपए की लागत से, फरीदपुर से लुहारी 105.00 लाख रुपए की लागत से, पीडब्ल्यूडी डूमा से मुस्सेदपुर 64.50 लाख रूपए की लागत से, गोरियावास से भिधा वाला रास्ता 47.50 लाख रुपए की लागत से, कृष्ण पिकल्स से डाबोदा 12.50 लाख रुपए की लागत से, गांव तिरपड़ी में भीम सिंह के घर से राजकीय स्कूल तक 12.50 लाख रूपए की लागत से रास्ते मंजूर हो गए है जिसका जल्दी काम शुरू हो जाएगा।


इसी कड़ी में श्री जरावता ने बताया कि 7 मार्च को माननीय मनोहर लाल जी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सैंकड़ों रुपए से पटौदी में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस 6 करोड़ की लागत से, HSVP सेक्टर 1 पटौदी में सामुदायिक केंद्र 12 करोड़ रूपए की लागत से और मानेसर में कन्या महाविद्यालय का 28 करोड़ रुपए की लागत से शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में बिमला चौधरी, मनोज, चंद्रभान सहगल, कृष्ण मंडल अध्यक्ष, अभय मंडल अध्यक्ष, देवेंद्र मंडल अध्यक्ष, ललित पहलवान, शिल्लू, गोगली, जीतराम, रंजीत, नीति सरपंच व इलाके के सरपंच और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# ओलावृष्टि से हुए नुकसान की जल्द गिरदावरी करवाकर मुआवजा दे सरकार : हुड्डा

**पिछले कई सीजन का नहीं मिला मुआवजा, बाढ़ का भी सैंकड़ों करोड़ रुपया बकाया : हुड्डा**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किसानों के लिए मुआवजे की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि शनिवार को रोहतक,झज्जर, रेवाड़ी, भिवानी, अम्बाला, कुरुक्षेत्र सिरसा, सोनीपत, यमुनानगर, करनाल फतेहाबाद, हिसार,जींद और चरखी दादरी समेत हरियाणा के कई इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे फसलों को भारी नुकसान हुआ है। हुड्डा का कहना है कि सरकार को जल्द गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा देना चाहिए। क्योंकि इस बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं व सरसों की खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं के चलते फसल गिर गई है। इसके चलते दाना कमजोर रहने व उत्पादन कम होने की आशंका है।



भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पिछले कई सीजन से बीजेपी-जेजेपी सरकार किसानों को खराबे का कोई मुआवजा नहीं दे रही है। इतने महीने बाद भी बाढ़ का सैकड़ों करोड़ मुआवजा अब तक पीडि़त किसानों को नहीं मिला। इस बार तो क्लस्टर-2 के सात जिले बीमा से ही वंचित रह गए हैं। पीएम फसल बीमा योजना सिर्फ कंपनियों की तिजोरी भरने का जरिया बन गई है। क्योंकि किसानों के खाते से प्रिमियम काटने की तारीख तो निश्चित है, लेकिन किसानों को मुआवजा देने की कोई तारीख तय नहीं की गई। बार-बार गुहार के बावजूद अन्नदाता को इंतजार ही हाथ लगता है।

# लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुट जाएं कार्यकर्ता : वजीर सिंह डागर

## भाजपा नेता दीपक डागर के कैली स्थित कार्यालय का हुआ उद्घाटन




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** वर्ष 2024 लोकसभा चुनावों को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फरीदाबाद जिले की सभी नौ विधानसभाओं में भाजपा कार्यालयों का उद्घाटन किया। इसी कड़ी में पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर के कैली स्थित कार्यालय में भाजपा कार्यालय का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पृथला विधानसभा प्रभारी वजीर सिंह डागर द्वारा किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सभी भाजपा नेताव कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए वजीर सिंह डागर ने कहा कि आज पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है, मोदी-मनोहर सरकार ने विकास के मामले में इस देश और प्रदेश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है वहीं फरीदाबाद में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने विकास मॉडल प्रस्तुत किया है, जो फरीदाबाद पूर्व की सरकारों में विकास के मामले में पिछड़ गया था, आज श्री गुर्जर के प्रयासों से फिर से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होने कहा कि गांवों व शहरों में समान रूप से विकास कार्य चल रहे है लोग इस सरकार से खुश है और आने वाले चुनावों में फिर से देश प्रदेश में कमल खिलाने का मन बना चुके है। इस अवसर पर भाजपा नेता दीपक डागर ने कहा कि उनका प्रयास है कि वह पार्टी के नारे फिर से मोदी सरकार-400 पार को चरितार्थ करें और इस बार केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को पूरी नौ विधानसभाओं में से सबसे ज्यादा वोट पृथला क्षेत्र से दिलाने का काम करेंगे ताकि वह बड़ी जीत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कंधों का मजबूत करे। श्री डागर ने कहा कि सबसे पहले तो वह भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते है कि जिन्होंने मेरे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को यह मौका दिया कि वह पार्टी के कार्यालय खोलकर पार्टी का प्रचार प्रसार कर सके। उन्होंने कहा कि चुनावों को लेकर उनकी रणनीति यह है कि पृथला क्षेत्र का प्रत्येक कार्यकर्ता मिलकर एकजुटता से काम करेगा और भाजपा प्रत्याशी को भारी समर्थन दिलाने के लिए प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन विजय लोहिया, भाजपा नेता डा. बलदेव अलावलपुर, जिला परिषद के डिप्टी चेयरमैन धर्म चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा, पवन रावत, राजू सोलंकी, सुरेंद्र हुड्डा, विनोद भाटी, सुखबीर मलेरना, मंडल अध्यक्ष हरीश धनखड़, पवन चौधरी, भूपेंद्र रावत, सुनीता बघेल सहित पृथला क्षेत्र के पंच-सरपंच व समस्त भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# समाजसेवी अजय कत्याल ने स्कूली बच्चों संग मनाया अपना जन्मदिवस



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ब्यापार मंडल फरीदाबाद के वरिष्ठ-उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय कत्याल ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर 1 फरीदाबाद में हवन-यज्ञ का आयोजन किया। इस हवन यज्ञ में मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया, अजय कत्याल एवं उनके पुत्र संचित कत्याल सहित अनेकों गणमान्य लोगों ने आहुति डाली और सभी की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर राजेश भाटिया ने कहा कि अजय कत्याल एक नेक दिल इंसान है, जो सदैव लोगों की सेवा में समर्पित रहते है। ब्यापार मंडल फरीदाबाद टीम में उपाध्यक्ष के पद पर आसीन कत्याल जी हमेशा दुकानदारों व व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करते है। इस अवसर पर अजय कत्याल ने अपने जन्मदिवस पर सभी का आभार जताते हुए कहा कि अपने लिए तो सभी जीते है, जो दूसरों के लिए जीता है, वही सच्चा इंसान होता है और वह हमेशा लोगों के सुख-दुख में भाग लेते रहते है। इसके उपरांत उन्होंने डॉ0 अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महाबीर दल सीनियर सैकेंडरी स्कूल मार्केट नंबर 1, के बच्चों के साथ अपना जन्मदिवस मनाया और बच्चों को प्रशाद वितरित किया। इस मौके पर सोमनाथ ग्रोवर, प्रेम बब्बर, रिंकल भाटिया, गगन अरोड़ा, सचिन भाटिया, रविंद्र गुलाटी, अमित नरूला, दिनेश भाटिया, सोनिया अरोड़ा, सुमन अरोड़ा, सोनिया ठकराल, चाहत वर्मा, नूपुर सेठी, रजनी बजाज, सीमा भाटिया, रेखा वाधवा, रेखा जोहरा, अनु भटिया, प्रवेश भाटिया, शोभा, मोनिका, ज्योति विरमानी, हिमानी गुलाटी, विकास शर्मा, अशोक कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग भी शामिल रहे।

# बेरोजगारी की चक्की में पिस रहे युवा, सफाईकर्मी तक बनने को तैयार : तरुण तेवतिया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता तरुण तेवतिया ने कहा कि केंद्र की मोदी और हरियाणा की खट्टर-दुष्यंत सरकार के डबल इंजन ने पढ़े-लिखे युवाओं को बेरोजगारों की ऐसी कतार में बदल दिया है, जो हर जगह खड़ी मिलती है। चाहे पानीपत कोर्ट की चपरासी भर्ती हो, चाहे यमुनानगर चपरासी भर्ती या फिर युद्ध क्षेत्र इजराइल के लिए मजदूरों की मांग। हरियाणा के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं की कतार हर जगह देखने को मिल जाएगी। इस बार ये नजारा अंबाला कोर्ट में देखने को मिला, यहां चपरासी के सिर्फ 12 पदों के लिए करीब 9000 अभ्यर्थी आवेदन की लाइन में खड़े थे। हैरानी की बात ये है कि बेरोजगारों की इस भीड़ में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और एमएससी से लेकर एमटेक पास नौजवान भी मौजूद थे। बेरोजगारी की चक्की में पिस रहे ये युवा सफाई कर्मी तक बनने को तैयार हैं। हरियाणा के सरकारी विभागों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन उन पर पक्की भर्तियां करने की बजाय खट्टर-दुष्यंत सरकार हरियाणवी प्रतिभाओं को ऐसे कामों में झोंक रही है, जहां उनकी योग्यता और कौशल का पूरा इस्तेमाल ही संभव नहीं है। तरुण तेवतिया ने कहा कि कौशल निगम के जरिए हो रही कच्ची भर्तियां भी ऐसा ही दलदल है। असल में कौशल निगम के तहत युवाओं को जो काम मिल रहा है, उसे ना भर्ती कहा जा सकता है और ना ही रोजगार। क्योंकि खुद सरकार द्वारा जारी कौशल निगम की पूरी पॉलिसी में रोजगार या नौकरी जैसे किसी भी शब्द का इस्तेमाल नहीं किया गया। ना ही इसमें कहीं सैलरी का कोई जिक्र है। ये ठीक ऐसा ही है, जैसा हर शहर में एक लेबर चौक होता है। कौशल निगम भी एक डिजिटल लेबर चौक है, जिसमें पढ़े-लिखे योग्य युवाओं को दिहाड़ी पर रखा जाता है। इसमें ना उनको पूरी मजदूरी मिलेगी और ना काम की गारंटी। बिना किसी नोटिस या पूर्व सूचना के किसी भी पल कौशल निगम के मजदूर को काम से बाहर किया जा सकता है। लेकिन हैरानी की बात ये है कि युवाओं का शोषण करने वाली ऐसी नीति पर शर्मिंदा होने की बजाय खट्टर-दुष्यंत अपनी पीठ थपथपाते हैं। जाहिर है कि चपड़ासी के इक्का-दुक्का पदों के लिए लगी हजारों युवाओं की कतार में सभी का चयन संभव नहीं है। चयन नहीं होने पर, सत्ताधारी लोग पढ़े-लिखे हरियाणवियों को अयोग्य करार देते हैं। जबकि अयोग्य हमारे युवा नहीं, इस सरकार की नीतियां हैं, जो बेरोजगारी को मिटाने में नाकाम है। अयोग्य खट्टर-दुष्यंत की नीति है जो हरियाणा से पलायन रोकने की बजाए, उसे बढ़ावा देने के लिए पॉलिसी तैयार करती है। अयोग्य बीजेपी-जेजेपी गठबंधन की नीयत है, जो खाली पड़े 2 लाख पदों पर पक्की भर्तियां करने की बजाए हरियाणवियों को पोर्टल की दिहाड़ी और चपरासी के कामों तक सीमित करना चाहता है। हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर युवाओं को इस शोषण व शर्मिंदगी से छुटकारा दिलाया जाएगा और योग्यता के अनुसार खाली पदों पर पक्का भर्तियां की जाएंगी।

# सेवानिवृत्त हुए अध्यापक वीर सिंह




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** तिकोना पार्क स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से वीरवार को अध्यापक वीर सिंह पूरे मान सम्मान के साथ सेवा निवृत्त हुए। उन्होंने 23 साल तक जिले के विभिन्न स्कूलों में अपनी सेवाएं दी और बच्चों को अध्यापन के साथ-साथ जीवन जीने के सलीके भी सिखाएं। अध्यापकों की ओर से स्कूल के प्रांगण में वीरसिंह के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी व एनएसएस के स्कूली विद्यार्थियों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्कूल से विदाई दी। इस मौके पर सभी अध्यापकों ने अपने विचार रखे और उनके काम की खूब सराहना की। इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल धीरज सिंह, राजेश भाटी, सतीश अधाना, संतराम, उमा गुप्ता, सुशील, इकबाल, बलबीर शास्त्री, प्रेम मैडम, नवीन, संजय, प्रदीप, नरेश, शुशीला, प्रेमलता, हेमा सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# मानव रचना ने तीसरे ब्रिक्स काउंसिल ऑफ एक्सरसाइज एंड स्पोर्ट्स साइंस कॉन्फ्रेंस की मेजबानी की

**कॉन्फ्रेंस में 20 अलग-अलग देशों के 450 करीब प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया**

**सम्मेलन के दौरान 103 पेपर और 75 पोस्टर प्रस्तुत किए गए**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज़ (एमआरआईआईआरएस) में स्कूल ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज की ओर से आयोजित ब्रिक्सेस 2024 सम्मेलन का समापन हो गया। 'बच्चों और युवाओं के लिए समग्र स्वास्थ्य और खेल में प्रगति: विज्ञान के जरिए नवाचार, एकीकरण और स्थिरता' विषय पर आयोजित हुए इस चार दिवसीय सम्मेलन में 20 देशों से आए करीब 450 प्रमुख विशेषज्ञों, विद्वानों, और पेशेवरों ने प्रभावशाली चर्चा की। इस सम्मेलन के दौरान कुल 103 पेपर और 75 पोस्टर प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही विभिन्न सत्रों में स्वास्थ्य और खेल विज्ञान के विभिन्न आयामों पर मुख्य भाषण, इंटरैक्टिव पैनल डिस्कशन और व्यावहारिक कार्यशालाओं का आयोजन भी हुआ। सम्मेलन को लेकर पूर्व कार्यशालाओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य और खेल विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक कौशल प्रदान किया गया। सम्मेलन के दौरान ब्रिक्स काउंसिल ऑफ एक्सरसाइज एंड स्पोर्ट्स साइंस की एक्जीक्यूटिव काउंसिल की विशेष मौजूदगी रही, जिन्होंने विषय के विभिन्न आयामों पर अपना दृष्टिकोण पेश किया और विस्तार से चर्चा की। चार दिवसीय सम्मेलन के दौरान प्रोफेसर हंस डी रिडर, ब्रिक्सेस के अध्यक्ष और फाउंडिंग सेक्रेट्री-जनरल; प्रो. मिंगकाई चिन (यूएसए), द फाउंडेशन फॉर ग्लोबल कम्युनिटी हेल्थ के संस्थापक और अध्यक्ष; डॉ. प्रशांत भल्ला, अध्यक्ष एमआरईआई व संरक्षक, ब्रिक्सेस; प्रोफेसर (डॉ.) जी.एल. खन्ना, एमआरआईआईआरएस के प्रति उप कुलपति और उपाध्यक्ष व फाउंडिंग मेंबर ब्रिक्सेस ; प्रोफेसर रिकार्डो आर अविन्हा, फाउंडिंग मेंबर व सेक्रेटरी जनरल ब्रिक्सेस मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान मुख्य वक्ताओं के तौर पर प्रोफेसर डॉ. मरियम गुएरा-बालिक; प्रो. उरी शॉफऱ; और मेयो क्लिनिक, यूएसए के प्रोफेसर स्टीफन कोपेकी ने खेल विज्ञान के क्षेत्र पर बहुमूल्य विचार रखे और विषय पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विशेषज्ञों के तौर पर डॉ. धनंजय शॉ, डॉ. मोहित दुआ और डॉ. श्रीदीप चटर्जी ने चर्चा सत्र के दौरान बहुमूल्य प्रस्तुतियां दी और उपस्थित लोगों के बीच संवाद को प्रोत्साहित किया। इस दौरान कई आमंत्रित वक्ताओं ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी और सम्मेलन में शामिल किए गए विषयों पर प्रकाश डाला। इनमें डॉ. एंटनिन क्यूबन, प्रो. गुशिना यूलिया; डॉ.घनश्याम डोखरत; तुर्की से प्रोफेसर सेरप इनल ; सिंगापुर से प्रो. जी. बालसेकरन, एशियन काउंसिल एंड एक्सरसाइज स्पोर्ट्स साइंस के अध्यक्ष व एसीएसएम हेल्थ फिटनेस डायरेक्टर; मलेशिया से प्रोफेसर फूंग कीव ओई; मलेशिया से गैरी कुआन, सेक्रेटरी-जनरल, एशियन-साउथ पैसिफिक एसोसिएशन ऑफ स्पोर्ट साइकोलॉजी व कार्यकारी बोर्ड सदस्य एशियन काउंसिल ऑफ एक्सरसाइज एंड स्पोर्ट्स साइंस (एसीईएसएस); ब्राजील से लारिसा पाइर्स, हेल्थ साइंसेज फेडरल यूनिवर्सिटी; भारत में यूनियन क्रिश्चियन ट्रेनिंग कॉलेज से डॉ. किशोर मुखोपाध्याय आदि शामिल रहे।

# लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें सभी युवा : सीटीएम अंकित कुमार

## नेहरु कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सीटीएम ने की शिरकत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आज शनिवार को राजकीय नेहरु महाविद्यालय में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वीप एक्टीविटी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीटीएम अंकित कुमार ने की। नगराधीश अंकित कुमार ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व यानी 18वीं लोकसभा आम चुनाव आने वालें हैं। इसमें सभी युवाओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है तथा अपने परिजनों एवं जान पहचान वालों को इस महापर्व में भाग लेने के लिए प्रेरित भी करना है। जिला प्रशासन की ओर सभी मतदाताओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन जागरुकता के लिए स्वीप कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसमें आप सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। सीटीएम अंकित कुमार नेहरु कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। सीटीएम अंकित कुमार ने वहां उपस्थित विभागों के अधिकारीयों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि स्वीप गतिविधियों के साथ युवा क्लबों, महिला मंडलों और स्वैच्छिक संस्थाओं को भी शामिल करें। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक तथा विभिन्न स्तरों पर युवाओं के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करें जिसके माध्यम से मतदान के महत्व के बारे में नागरिकों को अवगत करवाया जा सके और मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। जिले में नोडल अधिकारियों और अन्य टीमों के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। ताकि निष्पक्ष तौर पर निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सके। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, कि चुनाव आयोग के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि जिले में हर विधानसभा क्षेत्र में पहले के मुकाबले अधिक मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करें। पिछले चुनाव में जिन क्षेत्रों में कम मतदान रहा है, उनके लिए विशेष योजना बना कर वहां मतदान प्रतिशत को और अधिक बढ़ाने का प्रयास जिला प्रशासन करेगा। महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में स्वीप के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। ताकि नए मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा सके। राजकीय नेहरु कॉलेज की प्रिंसिपल रुचिका खुल्लर ने विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं तथा अन्य सभी योग्य लोग अपना-अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में अपना-अपना नाम चेक कर लें। अगर नाम नहीं है तो फिर आवेदन करें। मतदान करने के लिए वोटर लिस्ट में नाम होना अनिवार्य है। मतदाता निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत 12 पहचान पत्र में से किसी एक का उपयोग कर मतदान कर सकते हैं। कार्यक्रम में इलेक्शन तहसीलदार, कोऑर्डिनेटर एमपी सिंह, प्रोफेसर अंकित कौशिक, असिस्टेंट प्रोफेसर अमृता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सात लाखों वोटों से होगी भाजपा लोकसभा प्रत्याशी की जीत : मूलचंद शर्मा



**समाचार गेट ब्यूरो**

फरीदाबाद। 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बल्लभगढ़ विधानसभा में लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर हर विधानसभा स्तर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा संगठन पूरी तरह से अपनी तैयारियों में जुट गया है। पार्टी के सभी पदाधिकारी, विधायक और मंत्रीगण लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को लेकर बैठक करने लगे हैं । इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार लोकसभा प्रत्याशी को बल्लभगढ़ विधानसभा से डेढ़ लाख से अधिक वोटों से चुनाव जिता कर भेजेंगे।

उन्होंने कहा कि, देश और प्रदेश में भाजपा राज में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हुए है। आम गरीब व्यक्ति, मजदूर, किसान सभी का ख्याल रखते हुए योजनाएं लागू की गई। उन्होंने कहा कि आज देश और दुनिया में भारत देश का अपना डंका बज रहा है। विपक्ष पर निशाना चाहते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कोई वजूद नहीं है। पिछले लोकसभा में 6 लाख वोटो से जीत हासिल की थी। अबकी बार 7लाख वोटों से जीत हासिल करेंगे।

# फरीदाबाद जिले के सभी 6 विधानसभाओं में चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारम्भ

**कृष्णपाल गुर्जर बोले– जनता सिर्फ मोदी जी को प्रधानमंत्री देखना चाहती है**

**जनता के आशीर्वाद से 400 से ज्यादा सीट जीतकर भाजपा बनाएगी तीसरी बार केंद्र में मजबूत सरकार : कृष्णपाल गुर्जर**

**भाजपा की डबल इंजन सरकार के 10 साल के कार्यकाल में देश और प्रदेश का हुआ चंहुमुखी विकास : कृष्णपाल गुर्जर**

**जनता जनार्दन की पुकार, फिर से एक बार मोदी सरकार : कृष्णपाल गुर्जर**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लोकसभा चुनाव की तैयारियों के निमित फरीदाबाद की सभी 6 विधानसभाओं में चुनाव कार्यालय के शुभारम्भ के अवसर पर फरीदाबाद के सांसद और केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश की जनता सिर्फ मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है और जनता के आशीर्वाद से 400 से ज्यादा सीट जीतकर भाजपा तीसरी बार केंद्र में मजबूत सरकार बनाने जा रही है । फरीदाबाद लोकसभा सीट को पहले से ज्यादा मतों से जीतकर फरीदाबाद की सीट मोदी जी की झोली में डालेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के निमित हरियाणा की सभी 90 विधानसभाओं का आज एक ही समय पर शुभारम्भ किया । जिला फरीदाबाद की सभी 6 विधानसभाओं के कार्यालयों का भी शुभारम्भ हुआ । मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी 90 विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं को वर्चुअल तौर पर संबोधित किया ।

फरीदाबाद विधानसभा में सेक्टर 11 स्थित विधायक नरेन्द्र गुप्ता के कार्यालय पर फरीदाबाद विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, पूर्व महामंत्री आर एन सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, मुकेश अग्रवाल, प्रकाशवीर नागर, शोभित अरोड़ा, जेजू ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नीरज मित्तल, सचिन शर्मा, कुलदीप साहनी आदि उपसथित रहे ।

बल्लभगढ़ विधानसभा के सेक्टर 2 सथित कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा के कार्यालय पर विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, चेयरमैन हुकमसिंह भाटी, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचन्द शर्मा, महवीर सैनी मंडल अध्यक्ष अनुराग गर्ग गजेन्द्र वैष्णव, कैलाश वशिष्ठ आदि उपसथित रहे ।

बडखल विधानसभा के 5एफ, एन आई टी सथित सथित विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा के कार्यालय पर विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य संदीप जोशी, महापौर सुमन बाला, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, ओमप्रकाश धींगडा, मीडिया सह प्रमुख अजय डुडेजा, मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा, सतेन्द्र पांडे, अनिता शर्मा, राधे श्याम भाटिया आदि उपसथित रहे ।

तिगांव विधानसभा के पल्ला चौक सथित विधायक राजेश नागर के कार्यालय पर तिगांव विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर विधायक राजेश नागर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश रेक्सवाल, जिला उपाध्यक्ष भारती भाकुनी, प्रदेश सचिव महिला मोर्चा गीता रेक्सवाल, भाजपा जिला सचिव लाल मिश्रा, मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव, विवेक मिश्रा, गिरिराज त्यागी, के के शर्मा व भाजपा पदाधिकारी औए कार्यकर्ता उपसथित रहे ।

एन आई टी विधानसभा के 60 फुट रोड, जवाहर कालोनी, डबुआ में विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, यशवीर डागर, जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, ओबी सी मोर्चा के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह सतीश फागना, मंडल अध्यक्ष संजीव सोम, कविंदर चौधरी, संदीप भड़ाना, लक्ष्यवर्धन सिंह व भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता आदि उपसथित रहे ।

पृथला विधानसभा में मथुरा रोड कैली गाँव में विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहन पाल सिंह, प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा, जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, सुखबीर मलेरना, जिला परिषद् के चेयरमैन विजय लोहिया, जिला परिषद् के वाईस चेयरमैन धर्म चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा बलदेव अलावलपुर, मंडल अध्यक्ष पवन चौधरी, भूपेन्द्र रावत, हरीश धनखड़ आदि उपसथित रहे ।

फरीदाबाद विधानसभा चुनाव कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस पर जमकर वार करते हुए कहा कि कांग्रेसियों को हार नजर आ रही है इसलिए कांग्रेस के नेता हार की डर से लोकसभा चुनाव लड़ने से डर रहे हैं । केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने से कोई भी नहीं रोक सकता, क्योंकि देश की जनता मोदी को ही प्रधानमंत्री के रूप में देख रही है। मोदी-मनोहर की डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता खुश भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में देश और प्रदेश का चंहुमुखी विकास हुआ हुआ है । माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के वर्चस्व का लोहा पूरी दुनिया मान चुकी है । प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक और सामरिक ताकत के रूप में उभरा है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत का मान और सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है।

लोकसभा चुनावी बिगुल बज चुका है हम सभी कार्यकर्ताओं एक योद्धा की अपने अपने कार्य पर लग जाना चाहिए और फिर से एक बार मोदी सरकार के नारे को सफल बनाना है। कृष्ण पाल गुर्जर जी ने कहा कांग्रेस राज में फरीदाबाद और पलवल की क्या दुर्दशा थी, सबको पता है और मोदी मनोहर के आशीर्वाद से इन 10 सालो में फरीदाबाद लोकसभा के दोनों जिलों की तस्वीर बदल चुकी है, फ्लाई ओवर, सड़को, हाइवे और अनगिनत विकास कार्यों ने फरीदाबाद का नक्शा ही बदल दिया है। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने चुनाव कार्यालयों के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि हरियाणा की जनता मोदी मनोहर के साथ है और जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के दम पर हरियाणा की सभी दसों लोकसभा सीटें भाजपा जीत रही है । आज जनता जनार्दन की पुकार है फिर से एक बार मोदी सरकार । उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से हर बूथ पर पहले से 370+ मतों से बूथ को जीतकर, एक राष्ट्र, एक निशान, एक विधान व एक प्रधान का नारा देने वाले जनसंघ के संस्थापक श्रद्देय श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने की अपील की।

# तिगांव विधानसभा में सीएम ने खोला फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कार्यालय

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पल्ला चौक स्थित विधायक राजेश नागर के कार्यालय को वर्चुअली उद्घाटन कर बनाया चुनाव कार्यालय**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आज हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लाइव वर्चुअल मीटिंग कर तिगांव विधानसभा क्षेत्र में 2024 लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यालय से फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की चुनाव गतिविधियां संचालित की जाएंगी। पल्ला चौक सेक्टर 37 स्थित अपने इस कार्यालय पर विधायक राजेश नागर सैकड़ों समर्थकों एवं प्रमुख पदाधिकारियों के साथ मौजूद रहे। सीएम मनोहर लाल ने मौजूद सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अभी चुनाव व्यवस्थाओं में लग जाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर देनी है। इसके लिए हमें हरियाणा की सभी दस सीटों को जिताकर भेजना है। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर हर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन कर सीएम मनोहर लाल ने हम सभी में आज अपनी ओजस्वी वाणी से ऊर्जा का संचार किया है। हमारा संगठन और सभी समर्थक पूरी तरह से तैयार हैं और पार्टी के सभी पदाधिकारी, विधायक और मंत्रीगण लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को लेकर बैठक करने लगे हैं। हम पिछली बार से भी अधिक वोटों के साथ जीत के प्रति आश्वस्त हैं और देश की खुशहाली व तरक्की में सहयोग करेंगे। नागर ने कहा कि हमारा लोकसभा प्रत्याशी तिगांव विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक वोट प्राप्त करेगा। आज जिस प्रकार देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारें अंत्योदय के लिए योजनाओं को लागू कर रही हैं उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वहीं मोदी जी के मार्गदर्शन में दुनिया भर में भारत का डंका बज रहा है। जिसे जनता आगे ले जाना चाहती है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद ओम प्रकाश रेक्सवॉल, तिगांव भाजपा विस्तारक पवन बघेल, भारती भाकुनी, मंडल अध्यक्ष गिरिराज त्यागी, मंडल अध्यक्ष विरेंद्र यादव, पूर्व पार्षद राजेश तंवर, प्रहलाद शर्मा, वासुदेव भारद्वाज, सुधीर नागर, सुखपाल नागर, अमन नागर, सुमन नागर, सतपाल, ललित नागर, वीरेंद्र भारद्वाज, अमित भारद्वाज, सुरेंद्र बिधूड़ी, ब्रिम पूर, गोपिंदर मल्होत्रा, सुरेंद्र बिधूडी, अमित भारद्वाज, सुमेश गौड़, हरिओम गोस्वामी, भूपेंद्र चौधरी, सुधीर मेहता, शीशराम अवाना, बालेश्वर जैलदार, लाल मिश्रा, सोनपाल, विजय यादव, प्रेम सिंह चौहान, देवेंद्र अलग, लोकेश बैसला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# एनआईटी विधानसभा-86 के डबुआ कालोनी 60 फुट रोड सथित श्याम प्लेस में कार्यालय का हुआ शुभारंभ



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आज प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा की सभी 90 विधानसभा में वर्चुअल के माध्यम से लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन किया और जिसमें एनआईटी विधानसभा-86 के डबुआ कालोनी 60 फुट रोड सथित श्याम प्लेस में कार्यालय का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा तथा एनआईटी 86 विधानसभा के वरिष्ठ नेता यशवीर डागर ने कार्यालय का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने उपसथित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के पन्ना प्रमुख, शक्ति केन्द्र व बूथ प्रमुख लोकसभा चुनावों के लिए तैयार हो जाएं। जिन युवा मतदाताओं के वोट नहीं बने है उनका वोट बनवाए साथ ही केन्द्र की मोदी व राज्य की मनोहर सरकार की उपलबधियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर की सरकार में जितने विकास कार्य हुए है उतने विकास कार्य किसी भी सरकार में नहीं हुए। देश में अमृत काल के दौरान एयरपोटों की संख्या, रेलवे लाईनों व ट्रेनों का विस्तार हुआ है साथ ही देश के प्रत्येक जिले में आधुनिक रेलवे स्टेशन बनाने का कार्य चल रहा है। साथ ही अत्योदय के तहत अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को उसका लाभ मिल रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता यशबीर डागर ने मुख्य अतिथि राजकुमार वोहरा व आए हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी मेहनत से जुट जाए। 80 करोड़ लोगों को अनाज उपलब्ध करवाया जा रहा है। उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को निशुल्क गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाए जा रहे है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, सुरेश पाठक, संतोष धनकड़, निर्वतमान पार्षद बीर सिंह नैन, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह, सतीश फागना, मदन लाल जांगड़ा, सुदर्शन, कविंद्र चौधरी, लक्ष्यवर्धन, संदीप भड़ाना, रमेश बिष्ट, अमित कुमार और बहन श्रीमती गीता शर्मा, श्रीमती सोनिया अरोड़ा और सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 10,000 करोड़ की 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की रखी आधारशिला

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के जौनपुर में एक बड़ी घटना में हिस्सा लिया। वहां पर 10,000 करोड़ रुपये की लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस खास मौके पर राज्य मंत्री, सांसद, और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। नितिन गडकरी ने कहा, जौनपुर शहर में 2 बाईपास और रिंग रोड का निर्माण पूरा किया जाएगा, जिससे जौनपुर को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, सड़क परिवहन और राजमार्ग



मंत्रालय ने देश भर में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और अंतिम मील तक कनेक्टिविटी में सुधार लाने के उद्देश्य से पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत अहम प्रगति की है। ऐसी ही एक परियोजना है प्रयागराज-दोहरीघाट कॉरिडोर परियोजना, जो उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, जौनपुर और आज़मगढ़ जिलों में फैली है। इस पूरे कॉरिडोर का निर्माण 4-लेन में किया जा रहा है। कुल 4 पैकेज में बन रही यह परियोजना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, 11 राष्ट्रीय राजमार्गों, 2 राज्य राजमार्गों, 5 रेलवे स्टेशनों, 2 हवाई अड्डों को जोड़ती है। इस परियोजना सड़क के निर्माण से फूलपुर, मुंगराबादपुर, मछलीशहर, जौनपुर और आज़मगढ़ इन पांच महत्वपूर्ण व्यावसायिक शहरों में यातायात की समस्याएं कम हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लक्ष्य निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने के साथ-साथ बड़े आर्थिक लाभ निर्मित करना और उपभोक्ताओं, किसानों, युवाओं और व्यवसायियों के लिए रोजगार को बढ़ाना है।

# स्वर्ण पदक जीतने वालों में 60 प्रतिशत लड़कियां : श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने बिहार, गंजम, ओडिशा में स्थित बरहामपुर विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा के दक्षिणी क्षेत्र का महत्व ओडिशा और भारतीय इतिहास में अत्यंत उत्कृष्ट है। यहां की भूमि शिक्षा, साहित्य, कला और हस्तशिल्प से भरी हुई है। इस क्षेत्र के विभिन्न पुरुषों ने उडि़या और भारतीय साहित्य को समृद्ध किया है, जैसे कि कबी सम्राट उपेंद्र भांजा और कबीसूर्या बलदेव रथ। यहां कई स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों और लोक सेवकों का जन्मस्थल और कर्मभूमि भी है। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 1967 में स्थापित होने वाला बरहामपुर विश्वविद्यालय ओडिशा के दक्षिणी भाग में सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। उन्होंने आदिवासी बहुल इस इलाके की शिक्षा और विकास के मामले में




ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय की भूमिका की सराहना की।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि बरहामपुर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों और इस विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में लगभग 45000 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इसमें 55 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं। इतना ही नहीं, स्वर्ण पदक जीतने वालों में 60 प्रतिशत लड़कियां हैं और आज डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने वाले शोधकर्ताओं में भी 50 प्रतिशत लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि यह लैगिंक समानता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगर समान अवसर दिए जाएं, तो लड़कियां लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता रखती हैं। साहित्य, संस्कृति, नृत्य और संगीत में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। लेकिन, अब हमारी बेटियों का सामर्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी से लेकर पुलिस और सेना तक हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। अब हम महिलाओं के विकास के चरण से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहे हैं। श्रीमती मुर्मु ने विद्यार्थियों से कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्रियां हासिल करने का उत्सव नहीं है। यह उनकी कड़ी मेहनत और सफलता को पहचानने का भी उत्सव है। यह नए सपनों और संभावनाओं के दरवाजे खोलता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए डिग्री प्राप्त करना शिक्षा का अंत नहीं है, बल्कि उनमें जीवन भर सीखने का जुनून होना चाहिए। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने ज्ञान और बुद्धिमानी का उपयोग न सिर्फ अपने लिए, बल्कि दूसरों के लिए भी करें। उन्होंने कहा कि छात्रों को राष्ट्र निर्माण के बारे में भी सोचना चाहिए।

# हॉलीवुड फिल्म द ब्लफ में नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा

**समाचार गेट/भावना कौशिश**


**नई दिल्ली।** प्रियंका चोपड़ा ने अपनी नई फिल्म अनाउंस कर दी है। फैंस काफी वक्त से एक्ट्रेस के नए प्रोजेक्ट का इंतजार कर रहे थे, और अब उनकी यह मुराद पूरी हो गई है। हालांकि थोड़ी- सी निराशा की बात यह है कि प्रियंका ने जो नई फिल्म अनाउंस की है, वह हिंदी नहीं बल्कि हॉलीवुड की है। यानी फिलहाल प्रियंका बॉलीवुड में तो नजर नहीं आने वाली हैं। प्रियंका चोपड़ा की नई फिल्म का नाम द ब्लफ है। इसमें वह एक्टर कार्ल अर्बन के साथ नजर आएंगी। प्रियंका चौपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस को यह गुड न्यूज दी। उन्होंने एक न्यूज आर्टिकल का स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें फिल्म द ब्लफ को लेकर जिक्र था। साथ में लिखा, मैं उम्मीद करती थी कि अगर जिंदा रहे और भगवान ने चाहा तो हमें भी समुद्री डाकू बनने का मौका देगा।

**प्रियंका की नई फिल्म, फैंस हुए एक्साइटेड**

द ब्लफ की चर्चा पिछले काफी समय से चल रही थी, पर अब एक्ट्रेस ने इस पर मुहर लगा दी है। हाल ही एक्ट्रेस ने वर्कआउट करते हुए अपनी एक मिरर सेल्फी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की थी, और लिखा था कि वह सेट पर वापस आ गई हैं और काम शुरू कर दिया है। उसी पोस्ट से फैंस एक्साइटेड हो गए थे।

**क्या होगी द ब्लफ की कहानी और प्रियंका का किरदार?**

बता दें कि The Bluff की कहानी 19वीं सदी के कैरेबियाई फेज़ की कहानी है और एक पूर्व महिला समुद्री डाकू के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें प्रियंका चोपड़ा



समुद्री डाकू के रोल में दिखेंगी। फिल्म में उनका किरदार तब अपने परिवार की रक्षा के लिए निकल पड़ता है, जब उसके अतीत के रहस्यमय पाप उसे जकड़ लेते हैं। The Bluff को फ्रैंक ई फ्लावर्स डायरेक्ट करेंगे।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# ये 6 चीजें बढ़ाती हैं आंखों की रोशनी

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** अगर आपको धुंधला दिखता है। आंखों में खुजली या जलन रहती है, या अक्सर आंखें थकी रहती हैं, तो इसका मतलब है कि आपकी आंखें कमजोर हो गई हैं। यदि आप इनमें से कोई भी लक्षण अनुभव कर रहे हैं, तो डॉक्टर से परामर्श करना जरूरी है। हालांकि आप अपनी डाइट में बदलाव कर अपनी नजरों को तेज कर सकते हैं। भले ही कोई ऐसा खास भोजन नहीं है जो सीधे तौर पर आपकी आंखों



की रोशनी बढ़ा सके, लेकिन कुछ पोषक तत्वों से भरपूर आहार आपकी आंखों के पूरे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है। साथ ही, उम्र संबंधी मैक्युलर डीजेनरेशन और मोतियाबिंद जैसी बीमारियों का खतरा भी कम हो सकता है।

**गाजर**

गाजर में बीटा-कैरोटीन भरपूर होता है, जिसे शरीर विटामिन में बदल देता है। विटामिन रात में देखने की क्षमता और आंखों की बाहरी सतह कॉर्निया को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

**अंडे और ड्राई फ्रूट्स**

अंडों में ल्यूटिन, zeaxan-thin और जिंक अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए सभी महत्वपूर्ण हैं। बादाम, अखरोट और अलसी के बीज विटामिन श्व के अच्छे स्रोत हैं। यह एक एंटीऑक्सिडेंट है जो आंखों की रक्षा करने में मदद कर सकता है।

**हरी पत्तेदार सब्जियां**

पालक, गोभी और सरसों का साग ल्यूटिन और zeaxanthin से भरपूर होते हैं। ये एंटीऑक्सिडेंट आंखों के बीचोंबीच देखने में मदद करने वाले मैक्युला की रक्षा करते हैं।

**खट्टे फल**

फैटी फिश (स्रोत: समाचार एजेंसी)

## संपादकीय

# न्यायिक भूल सुधार

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्टों और निचली अदालतों के स्टे ऑर्डर्स अपने आप रद्द होने से जुड़ा अपना ही एक फैसला गुरुवार को पलट दिया। पिछला फैसला 2018 में सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों की पीठ ने दिया था, जिसे अब पांच सदस्यों की पीठ ने अमान्य घोषित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला अपने तात्कालिक परिणामों के लिहाज से ही नहीं, इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसमें न्यायपालिका की कार्यप्रणाली और न्यायिक सिद्धांतों से जुड़े अहम दिशानिर्देश रेखांकित हुए हैं, जो भविष्य में संविधान पीठों के लिए फैसले करना आसान बना सकते हैं।

**व्यावहारिक दिक्कतें:** असल में 2018 में बहुचर्चित एशियन रिसरफेसिंग केस में दिए गए फैसले की वजह से कई सारे मामलों में दिक्कत हो रही थी। अंतरिम स्थगन आदेश छह महीने में अपने आप रद्द होने का मतलब यह था कि संबंधित पक्षों को छह महीने के अंदर फिर से अदालत जाकर उस आदेश का नवीकरण कराना होता था। हर पक्षकार इस स्थिति में नहीं होता।

**जमीनी हकीकत :** उस फैसले से कई सारे सैद्धांतिक सवाल भी जुड़े थे, जिन पर CJI चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच सदस्यों की पीठ ने ध्यान दिया। ताजा फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि संविधान पीठों को केस डिसाइड करने की समय सीमा निर्धारित करने से जहां तक हो सके बचना चाहिए क्योंकि जमीनी हकीकत संबंधित अदालतों को ही पता होती है।

**अधिकार क्षेत्र का सवाल :** यह बात भी गौर करने की है कि न्यायिक संरचना में ऊपर होने के बावजूद सुप्रीम कोर्ट की अपनी कार्य सीमाएं हैं। हाईकोर्ट का अपना कार्यक्षेत्र होता है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के अधीनस्थ के तौर पर नहीं देखा जा सकता। 2018 के फैसले से अगर जाने-अनजाने इस तरह का कोई संकेत गया था तो उसे भी पांच सदस्यों की पीठ ने अपने ताजा फैसले में दुरुस्त कर दिया।

**प्रकृतिक न्याय :** जैसा कि जस्टिस पंकज मित्तल ने अपने अलग, लेकिन सहमति वाले फैसले में लिखा है कि कभी-कभी न्याय करने की इच्छा होते हुए भी आखिरकार अन्याय की नौबत आ जाती है। उनका आशय एशियन रिसरफेसिंग केस से था। मगर यह उल्लेख इस तथ्य को रेखांकित करता है कि जजों को फैसला करते हुए तकनीकी पहलुओं के बजाय ज्यादा ध्यान इस पर रखने की जरूरत है कि उस प्रक्रिया में किसी भी पक्ष के प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन न हो जाए।

**न्याय में आसानी :** कुल मिलाकर देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला न सिर्फ देश की न्यायिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली में आई एक तात्कालिक बाधा को दूर करता है बल्कि इंसाफ करने की प्रक्रिया में निहित जटिलताओं के बीच भी न्याय तक पहुंचने की अदालतों की यात्रा को कुछ हद तक आसान बनाता है।

## परीक्षाएं हों नकल व तनावमुक्त : डॉ. मिश्रा



**समाचार गेट/सतीश खतरी**

**सिवानी मंडी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सैकेंडरी और सीनियर सैकेंडरी की बोर्ड परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू हो चुकी हैं।इनके सुचारू रूप से एवं नकल रहित संचालन के लिए शिक्षा बोर्ड एवं शिक्षा विभाग ने एहतियातन क़दम उठाए हैं। इसी क्रम में शनिवार को सिवानी खंड के गांव आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित बोर्ड परीक्षा केंद्र के परीक्षार्थियों और ड्यूटी स्टॉफ को नकल ना करने और करवाने के मकसद से शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल एवं मुख्य केंद्र अधीक्षक डॉ. संजय कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें परीक्षा को नकल रहित एवं तनाव मुक्त बनाने के गुर बताए। डॉ. मिश्रा ने बोर्ड परीक्षा को लेकर ड्यूटी स्टॉफ सदस्यों तथा परीक्षार्थियों को मोटिवेट किया कि वो किस तरह से परीक्षा को नकल रहित बना सकते हैं।उन्होंने कहा कि नकल से शिक्षा की नींव कमजोर होती है तथा अकल से ही विकास संभव है। इस अवसर पर स्कूल की दीवारों पर नकल रोकथाम और परीक्षा उत्सव के पोस्टर एवं स्लोगन लगाए गए। इस मौके पर केन्द्र अधीक्षक सालू जैन, राजेश कुमार, पवन कुमार व प्रमिला खतरी, राजकुमार सहित समस्त स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

## शनिवार को कनीना क्षेत्र में हुई बूंदाबांदी के बीच शीत लहर से बढी ठंड

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** फाल्गुन मास लगने के सप्ताहभर बाद भी मौसम परिवर्तन के चलते ठंड में उतार-चढाव बना हुआ है। शनिवार को तेज हवा के बीच हुई बूंदाबांदी से गेहूं तथा सरसों की फसल लेट गई है वहीं ठंड ने दुबारा से प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान में गिरावट आने से सर्दी महसूस होने लगी है। शीतलहर के चलते उन नागरिकों को अधिक परेशान का सामना करना पड़ा जिन्होंने सर्दी को जाया मान लिया था। ठंड बढने से दुबारा से गर्म कपड़े उठा लिए हैं। शनिवार को कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री व अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया। एक्यूआई 133 दर्ज किया गया। कृषि विभाग के अधिकारी डॉ. विकास कुमार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते रविवार को भी बादलवाई रह सकती है। जिसके चलते तापमान कम रहने का अनुमान है। उसके बाद मौसम शुष्क रहेगा।

## चोरों ने कनीना में मकान में दबिश देकर हजारों की नकदी सहित जेवरात पर किए हाथ साफ

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना के वार्ड 5 में क मकान में दबिश देकर अज्ञात चोरों ने हजारों रूपये की नकदी सहित जेवरात चोरी कर लिए। इस बारे में राहुल ने कनीना शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि अज्ञात चोर 1 मार्च को दरवाजा तोडक़र चोरी की वारदात को अंजाम दे गए। उनकी पत्नी ने आकर देखा तो घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मौका देख अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को 356वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता बाबूलाल सेहलंग ने की। कट के समर्थन में विभिन्न गावों से महिलाएं भी पंहुची। उन्होंने कहा कि कट की मांग को लेकर ग्रामीण ग्रामीण पिछले 12 महिने से धरने पर डटे हुए हैं। ग्रामीणों का जोश ठंड के बावजूद कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को बारिश के मध्य भी ग्रामीण धरने पर डटे रहे। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि शीत लहर के बीच ग्रामीण कट बनाने की माग को लेकर धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों मांग पर काम शुरू नहीं कर रही है। एनएच पर कट की भी आधारशिला रखने से क्षेत्र के दर्जनभर गावों के ग्रामीणों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर मुकेश, सुशीला, कांता,रामेश्वरी, लक्ष्मी,अंजू, बाला देवी,सविता, सूबेदार सुखबीर सिंह, नरेंद्र शास्त्री, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह,धर्मपाल सिंह,विजयपाल,मुंशी राम, सूबेसिंह,बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।

# भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के बजट 2024-25 से पलवल में विकास को मिलेगा बढ़ावा



**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** जननायक जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता प्रवीण डूडी ने कहा कि राज्य कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार द्वारा पेश किया गया 2024-25 का बजट प्रदेश के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। बजट में हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है और आम आदमी को राहत पहुंचाने वाली योजनाओं पर विशेष खर्च किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पलवल जिला में कई बड़ी परियोजना आने वाली हैं जिनका फायदा यहां के लोगों को होगा। बजट में गठबंधन सरकार के द्वारा युवाओं के रोजगार और लड़कियों की शिक्षा पर सालाना खर्च होने वाली राशि में भी बढ़ोतरी की गई है। बजट में आठ जिलों नामत: जींद, झज्जर, कैथल, पलवल, यमुनानगर, रोहतक, कुरुक्षेत्र और सोनीपत* में स्थायी हेलीपैड के निर्माण के लिए व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। 200 यूनिट से कम बिजली खपत वाले ग्राहकों के लिए शुल्क हटाने से आम आदमी को बिजली की दरों में और रियायत दी गयी है। गरीब लोगों को राहत देने के लिए, 2 किलोवाट तक घरेलु कनेक्टेड लोड वाले टैरिफ श्रेणी-1 के उपभोक्ताओं के लिए एम.एम.सी. को खत्म किया गया है। इस कदम से सबसे गरीब परिवारों को लगभग 180 करोड़ रुपये की राहत मिलेगी। युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिजनों के लिए दी जा रही 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि को बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये किया गया है। चाहे वे किसी भी रक्षा सेवा या केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के हों। इसके अवाला ई-भूमि पोर्टल पर राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भूमि की खरीद के लिए 10,000 एकड़ भूमि का बैंक बनाया जाएगा। हरियाणा सरकार ने बजट के माध्यम से अंग्रेजी हुकूमत के फैसले नहरी किसानों के लिए आबियाना को हटाने का काम किया है, इससे छोटे से लेकर बड़े किसानों को लाभ होगा। सरकार ने किसानों के कर्ज का ब्याज और पेनल्टी माफ करके किसानों को बड़ी राहत दी है। इसी तरह सिंचाई के क्षेत्र में नहरों के सुधार के लिए पिछले साल के मुकाबले अधिक बजट देना अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के टारगेट को पूरा करने में मदद करेगा। अब 7500 की आबादी से कम वाले गांवों को भी महाग्राम योजना में शामिल किया जाएगा। जिससे शहर जैसी सुविधाएं भी गॉवों को मिलेगी। प्रवीण ड्यूटी ने कहा कि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कि विकासशील सोच का नतीजा है कि आज हरियाणा प्रदेश विकास की गति में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है और प्रदेश का युवा हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रहा है

# पीएनबी बैंक से 14 लाख की नगदी घोटाले के आरोप में कैशियर गिरफ्तार



**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** होडल थाना पुलिस ने पंजाब नेशनल ओबीसी बैंक से लाखों रुपए नगदी घोटाले के मामले में कैशियर धर्मवीर को हसनपुर चौक से गिरफतार कर लिया है। आरोपित सन 2022 से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। घटना 19 दिसम्बर 2022 की बताई गई है। थाना प्रभारी उमर मोहम्मद के अनुसार पंजाब नेशनल ओबीसी बैंक शाखा होडल के मैनेजर नरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 दिसम्बर 2022 को बैँक शाखा का कैश बंद करते समय पाया गया कि बैंक की 14 लाख 35 हजार रूपए की नगदी कम है। जिस पर मैनेजर ने अन्य कर्मचारियों से सारी राशी का मिलान कराया, लेकिन मिलान नहीं ही पाया। बाद में मैनेजर ने इस मामले से अपने उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया। 20 दिसम्बर 2022 को बैंक के उच्च अधिकारी जाँच के पहुंचे तो कैशियर धर्मवीर ने उक्त राशी अपने रिश्तेदार को निजी कार्य लिए देना स्वीकार किया। उक्त राशी शाम तक वापस करने को कहा था, लेकिन वापिस नहीं किया। बाद में पुलिस ने मैनेजर की शिकायत पर कैशियर धर्मवीर निवासी गांव बाडक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में लिप्त आरोपित को हसनपुर चौक के निकट से गिरफतार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है।

# तेज हवा के साथ शुरु हुई बूंदाबांदी से जमीन पर लेटी गेहूं की फसल, किसानों ने फसल के लिए बताया नुकसानदायक



**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** बीती रात हुई बारिश ने किसानो की नीद उड़ा दी है क्यों की इस समय जी बारिश हो रही है यह किसान की फसल के किए नुकसान दायक है। उप मंडल में बीती देर सांय तेज हवा और गडगडाहट के साथ शुरु हुई बूंदाबांदी ने लोगों को दोबारा से सर्दी का एहसास करा दिया। देर रात शुरु होने के बाद बूंदाबांदी शनिवार प्रात: 5 बजे से दोबारा शुरू हो गई। तेज हवा के साथ शुरु हुई बूंदाबांदी का यह सिलसिला दोपहर तक लगातार चलता रहा। तेज हवा के साथ हुई बरसात के कारण खेतों में पककर खड़ी सरसों और गेहूं की फसल जमीन पर लेट गई। तेज हवा चलने और बरसात के कारण उप मंडल के जंगल में गेहूं की फसल जमीन पर लेट गई। कई जगहों पर बरसात के कारण खेतों में पानी भी भर गया। कई दिनों से तेज धूप निकलने के बाद शुक्रवार सांय से अचानक मौसम बदलने के बाद लोगों को दोवारा से गर्म कपडों का इस्तेमाल करने को विवश होना पडा। बरसात के कारण सबसे ज्यादा परेशानी शादी विवाह व अन्य आयोजन करने वालों को उठानी पडी। शादियों का सीजन होने के कारण शादी विवाह वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। बरसात के कारण वैंकेट हाल या अन्य जगहों पर हलवाईयों के कारीगर भी समय पर नहीं पहुंच सके। कुछ शादी आयोजक हलवाईयों को उनके निवास से गाडियों में लेकर वैंकेट हाल पहुंचे, जिसके बाद ही खाने की व्यवस्था शुरु हो सकी। तेज हवा के कारण कई जगह विवाह समारोह में टेंट उड गए, जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। बरसात के कारण शहर के बस स्टैंड, पुनहाना चौक, आदर्श कालोनी, गढ़ी पट्टी चौक, लक्ष्मी नारायण मंदिर, अग्रवाल कालोनी, रेलवे रोड सहित कई अन्य जगहों पर गंदा पानी सडक़ों पर भर गया। उधर किसानों ने इस बरसात को फसल के लिए नुकसान दायक बताया। प्रात: दिन निकलते ही आसमान से तेज गडगडाहट के साथ हुई बरसात ने किसानों के दिलों की धडकनें तेज कर दीं। हालांकि मौसम विभाग द्वारा मौसम बिगडने से पहले चेतावनी जारी की जा चुकी है।

## रंजीत हत्याकांड में मृतक के बूआ के लडके प्रदीप और उसका साथी मनोज गिरफ्तार



**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** होडल थाना पुलिस ने रोहता पट्टी निवासी रणजीत की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। गिरफ्तार किए आरोपितों में एक युवक मृतक रणजीत की बुआ का लडक़ा प्रदीप भी शामिल बताया गया है। मामले में तीसरा आरोपित अभी फरार है। उक्त आरोपित की गिरफतारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस ने मृतक के भाई जगबीर की शिकायत पर प्रदीप निवासी रसूलपुर सहित उसके दो साथियों के खिलाफ हत्या,आमर्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। थाना प्रभारी उमर मोहम्मद के अनुसार मृतक रंजीत के पिता वर्लपूल कम्पनी से सेवानिवृत हुए थे। जिसको लेकर बृहस्पतिवार को उनके रोहता पटटी निवास पर कार्यक्रम का आयोजन था। इसी आयोजन में मृतक की बूआ का लडका प्रदीप भी अपने दो साथियों के साथ पहुंचा था। देर रात मृतक रंजीत घर की छत पर बने कमरे में सो रहा था। उसी दौरान प्रदीप भी अपने साथियों के साथ वहां पहुंच गया। थोडी देर बाद ही आरोपितों ने फायरिंग कर दी, जिसमें रंजीत की मौत हो गई। घटना के बाद तीनों आरोपित बाईक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। इस घटना के थोडी देर बाद जब उसका भाई जगवीर कमरे में गया तो वहां उसने रंजीत को लहूलुहान पडा देखा। देर रात के समय युवक रणजीत की हत्या की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी उमर मोहम्मद पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौका निरीक्षण करने के बाद मामले में लिप्त आरोपितों की तलाश शुरु कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में लिप्त मृतक रणजीत की बुआ का लडक़ा प्रदीप निवासी रसूलपुर व गांव खेड़ा निवासी मनोज को शोलाका रेलवे स्टेशन से गिरफतार कर लिया है। इस हत्याकांड में लिप्त तीसरा आरोपित विशाल अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पकड़े गए दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।

## वर्ष 2023 के मुंबई हाईवे पर कार चालक से लूटपाट मामले में शामिल दूसरे आरोपी गिरफ्तार

**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ० अंशु सिंगला के नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। एसपी के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा चलाई जा रही अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश मुहिम के अंतर्गत क्राइम ब्रांच हथीन प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया की टीम ने वर्ष 2023 के मुंबई हाईवे पर कार चालक से लूटपाट मामले में शामिल दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। क्राइम ब्रांच हथीन प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया के अनुसार दिनांक 22 नवंबर 2023 को मंडकोला के समीप मुंबई हाईवे पर हथियारों के बल पर कार सवार से लूटपाट की गई थी। इस सम्बन्ध में मढ़नाका निवासी रमेश की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। उनकी टीम ने दिनांक 16 फरवरी 2024 को पहले ही वारदात में शामिल खेड़ा खलीलपुर जिला नूह निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार कर उससे लूटा गया मोबाइल फोन एप्पल एवं 500 रुपए बरामद कर जेल भेज दिया था। एएसआई उपदेश के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने दिनांक 28 फरवरी 2024 को वारदात में शामिल नवाबगढ़, नूह निवासी दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को पेश अदालत कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर आरोपी से लूटे गए 7000 बरामद किए गए हैं आरोपी को आज पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है मामले में फरार अन्य आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# बूचावास के किसान रामधान ने रेतीले टीलों में की काजू-बादाम की खेती





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** उपमंडल के गांव बूचावास के किसान रामधन यादव ने रेतीले टीलों में काजू-बादाम उगाकर किसानों को नई दिशा देने का काम किया है। मूल रूप से गुरुग्राम के चक्करपुर एवं हाल आबाद बूचावास वासी किसान का मानना है कि भारत वर्ष में महेंद्रगढ जिले की भूमि बागवानी के लिए अति उत्तम है। जहां विभिन्न प्रकार के बाग लगाए जा सकते हैं। उन्होंने छह एकड़ भूमि में छह वर्ष पूर्व लाखों की लागत से काजू-बादाम, सेव, चीकू, आम, लिची, मौसमी, केला,बेरी, पपीता, आड़ू, अमरूद, कीन्नू सहित 60 प्रजाति के फलदार पौधे लगाए गए थे जो आज भरपूर मात्रा पैदावार दे रहे हैं। जिनका टेस्ट भी उत्तम है। इंटर्करोप में उनकी ओर से गोभी ,आलू व धनिया,मेथी, गवारपाठा, टमाटर की बिजाई की गई है। बागवानी में अच्छी पैदावार लेने तथा पेस्टीसाईड से बचने के लिए देशी

### खारी बावड़ी में जांच करवाई तो मिली बेहतर गुणवत्ता

### छह एकड़ में 60 प्रजाति के बागवानी के पौधे लगाकर रामधन यादव बने किसानों के प्रेरणा स्त्रोत

विधि से गाय का गोबर, छाछ व नीम के पत्तो का घोल तैयार कर उसकी स्प्रे की जाती है देशी खाद बाहर से खरीद कर न लाना पड़े इसके लिए करीब 35 गाय पाल रखी है। जिनकी खाद का प्रयोग बागवानी पौधों में किया जाता है तथा प्रतिदिन करीब दो क्विंटल दूध की बिक्री से भी अच्छी आमदनी हो जाती है। उनकी ओर से गोबर गैस प्लांटभी लगाया गया है जिससे उत्पन्न होने वाली गैस का गायों का चारा पकाने तथा घरेलू कार्य में उपयोग हो जाता है। उन्होंने बताया कि बादाम की गुणवत्ता परखने के लिए खारी बावडी दिल्ली में चेक कराया जहां उसकी मात्रा बेहतर मिली। उनका टेस्ट भी बढिया मिला।

किसान रामधन यादव ने बताया कि इस क्षेत्र में पानी की समस्या है उसके लिए टपका सिंचाई विधि अपनाई जिसमें एक एकड़ में खपत होने वाले पानी का छह एकड़ भूमि पर प्रयोग हो रहा है। उनकी ओर से बिजली की समस्या के समधान के लिए सोलर सिस्टम लगाया है। ट्यूबैल सिंचाई के लिए 15 किलोवाट तथा घरेलू उपयोग के लिए छह किलोवाट बिजली का सोलर सिस्टम प्रदेश सरकार की योजना अनुसार अनुदान पर लगवाया गया है। उन्होंने बताया कि देशी विधि से की गई खेती में फलों की गुणवत्ता तथा पैदावार भी बेहतर हुई है जो खाने में स्वादिस्ट हैं। फलों की साईनिंग व साइज भी देखने योगय है। उनकी ओर से प्राकृतिक खेती आधुनिक तरीके से की जा रही है। जिनमें किसी प्रकार का रासायनिक खाद व दवा का उपयोग नहीं किया जाता है। इस बारे में एकीकृत बागवानी उत्कृष्टता केंद्र सुंदरह के बागवानी अधिकारी डॉ नेहा यादव व डॉ.अंकुश यादव ने बताया कि सरकार की ओर से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर किसानों को उन्नत किस्म के बीज तथा कृषि एवं बागवानी की नवीनतम जानकारी को दी जाती है। सरकार द्वारा कृषि उपकरणों सहित फसलों पर दी जाने वाली सबसिडी के बारे में बताया जाता है। किसान उनका लाभ उठाकर दिनोंदिन उन्नति की ओर अग्रसर हैं।

**उन्नत किस्म के गेहूं को देखने पंहुच रहे पडौस के किसान**

किसान रामधान ने बताया कि उन्होंने दो एकड़ में गेहूं की गलेशिया कन्पनी का सोना क्रांति गेहूं का बीज आलोक खाद बीज विक्रेता कनीना मंडी से खरीदा था। उन्नत किस्म का बीज खेत के चारों कोनों पर एकसमान व लंबी बाली सहित बेहतर फुटाव के साथ बढिया खडा है। इसकी अनुमानित पैदावार 30-32 क्विंटल आंकी गई है। जिसे देखने के लिए पडौस के किसान पंहुच रहे हैं। चौडे पत्ते के इस गेहूं में गोबर की खाद डाली गई थी ओर गोबर के घोल से ी स्प्रे की गइ थी। उसमें किसी प्रकार का रासायनिक खाद इस्तेमाल नहीं किया गया।

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269

# प्रह्लाद जोशी पांच स्टार्टअप्स को वित्तीय अनुदान पत्र सौंपे

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय, भारत सरकार ने सन 1978 से खनन और धातुकर्म क्षेत्र में सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, गति और दक्षता के लिए अनेक अनुसंधान संस्थानों के अनुसंधान और विकास परियोजनाओं को आरएंडडी परियोजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की है। हाल ही में खान मंत्रालय ने अनुसंधान व विकास और व्यावसायीकरण के बीच की दूरी को समाप्त करने के लिए खनन और खनिज क्षेत्र के क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप्स व एमएसएमई में अनुसंधान व नवाचार को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए नवंबर, 2023 में एसएंडटी-प्रिज्म की शुरुआत करके विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के दायरे को बढ़ाया है। साथ ही, इसमें खनन और खनिज क्षेत्र में संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए इकोसिस्टम को बढ़ावा देना भी शामिल है। इन चयनित स्टार्ट-अप्स/एमएसएमई को वित्तीय अनुदान के साथ-साथ कार्यान्वयन एजेंसी के तहत एक सुविधा और मेंटरशिप टीम द्वारा संपूर्ण परियोजना



अवधि के दौरान मेंटरशिप या इनक्यूबेशन सहायता व तकनीकी सलाहकार सहायता प्रदान की जाएगी। खान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत नागपुर स्थित एक स्वायत्त निकाय को जवाहरलाल नेहरू एल्युमीनियम अनुसंधान विकास और डिजाइन केंद्र को एसएंडटी- प्रिज्म के लिए कार्यान्वयन एजेंसी बनाया गया है। केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने 29 फरवरी, 2024 को वित्तीय अनुदान पत्र सौंपा था।

**इन पांच स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई के विवरण निम्नलिखित हैं:**

महाराष्ट्र के पुणे स्थित मेसर्स अश्विनी रेयर अर्थ प्राइवेट लिमिटेड को एनडीएफईबी बेस परमानेंट मैग्नेट एप्लीकेशन के लिए कैलसियो-थर्मिक रिडक्शन रूट के माध्यम से नियोडिमियम - प्रेजोडायमियम ऑक्साइड से नियोडिमियम - प्रेजोडायमियम धातु के निष्कर्षण को लेकर प्रायोगिक संयंत्र की स्थापना के लिए 1.5 करोड़ रुपये दिए गए। उत्तर प्रदेश के मेरठ स्थित मेसर्स सरू स्मेल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड को क्षार धातुओं के लिए लिथियम आयन-इलेक्ट्रो फ्यूजन रिएक्टर के लिए एक प्रायोगिक स्केल संयंत्र स्थापित करने के लिए 1.16 करोड़ रुपये दिए गए। ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित मेसर्स एल एन इंडटेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को सोडियम कार्बोनेट के इलेक्ट्रोलिसिस और हाइड्रोजन का उत्पादन करके एल्यूमिना हाइड्रेट्स के कुशल और स्थायी उत्पादन के लिए 0.40 करोड़ रुपये दिए गए। ओडिशा के कटक स्थित मेसर्स सेलार्क पॉवरटेक प्राइवेट लिमिटेड को लिथियम-आयन बैटरी एनोड के लिए उच्च शुद्धता वाली बैटरी ग्रेड सिलिकॉन सामग्री के प्रायोगिक स्केल उत्पादन (25 किलोग्राम/दिन) की स्थापना के लिए 1.7 करोड़ रुपये दिए गए। मेघालय के शिलांग स्थित मेसर्स कैलिचे प्राइवेट लिमिटेड को दुर्लभ-पृथ्वी-तत्वों की खोज के लिए गर्भ नामक एक सॉफ्टवेयर के विकास के लिए 1.2 करोड़ रुपये दिए गए।

# लापता लेडीज को तारीफ तो मिली, लेकिन कमाई 1 करोड़ से भी कम

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर शुक्रवार को हिंदी में चार फिल्में रिलीज हुईं। लेकिन अफसोस कि इनमें से कोई भी फिल्म ओपनिंग डे पर तगड़ी कमाई नहीं कर पाई है। किरण राव के डायरेक्शन में बनी लापता लेडीज को तारीफ तो बहुत मिली है, लेकिन पहले दिन यह फिल्म 1 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन भी नहीं कर पाई है। हालांकि, वर्ड ऑफ माउथ के बूते इस फिल्म की कमाई में आगे बढ़ोतरी की पूरी संभावना है। दूसरी ओर, वरुण तेज और मानुषी छिल्लर की ऑपरेशन वैलेंटाइन भी बेदम दिखी है। जबकि दिवंगत सतीश कौशकि की कागज 2 और हर्षवर्धन राणे की दंगे का हाल भी बहुत बुरा है।



**5-6 करोड़ है लापता लेडीज का बजट**

लापता लेडीज का बजट 5-6 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। फिल्म के प्रमोशन में आमिर खान से लेकर किरण राव तक ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। यह फिल्म पूरी तरह से वर्ड ऑफ माउथ के बूते है। फिल्म देखने जितने दर्शक पहुंचेंगे, फिल्म की जितनी तारीफ होगी, इसे उतना ही फायदा होगा। उम्मीद यही है कि वीकेंड में फिल्म की कमाई बढ़ेगी और यह करोड़ों में कमाएगी। वैसे भी इसका बजट बेहद कम है, ऐसे में यह अगर थोड़ी रफ्तार पकड़ ले तो कमाई के मामले में हिट-सुपरहिट जरूर बन जाएगी।

**ऑपरेशन वैलेंटाइन ने कमाए महज 1.25 करोड़**

दूसरी ओर, शुक्रवार को रिलीज दूसरी सबसे चर्चित फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन है। मूल रूप से तेलुगू में बनी वरुण तेज और मानुषी छिल्लिर की यह फिल्म बालाकोट एयर स्ट्राइक पर बनी है। 42 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने पहले दिन महज 1.25 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। हालांकि, शक्ती प्रताप सिंह के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म की भी तारीफ हो रही है। लेकिन समस्या यह है कि इसी कहानी पर इससे पहले ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर भी रिलीज हुई थी।

**कागज 2 और दंगे का भी हाल बेहाल**

दिवंगत सतीश कौशकि की आखरिी फिल्म कागज 2 भी पहले दिन बेअसर रही है। अनुपम खेर, नीना गुप्ता और किरण कुमार स्टारर इस फिल्म ने पहले दिन 55 लाख रुपये का बिजनस किया है। इस फिल्म का बजट 10 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। जबकि हर्षवर्धन राणे की दंगे का हाल सबसे बुरा है। 8 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर महज 15 लाख रुपये कमाए हैं।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# वैजयंती माला ने 90 साल की उम्र में राम मंदिर में किया भरतनाट्यम



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** पचास और साठ के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रहीं वैजयंती माला ने हाल ही अयोध्या के राम मंदिर में शानदार परफॉर्मेंस दी, जिसकी चर्चा हो रही है। उन्होंने राम मंदिर में डांस किया, जिसका वीडियो सामने आया है और हर कोई एक्ट्रेस की तारीफ कर रहा है। 90 साल की उम्र में वैजयंती माला ने अपने डांस और हाव-भाव से सबका दिल जीत लिया। वैजयंती माला ने राम मंदिर में चल रहे रागसेवा कार्यक्रम में परफॉर्म किया था। मालूम हो कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की गई थी और 26 जनवरी से रागसेवा का प्रोग्राम शुरू हुआ। इसमें कुछ दिन पहले हेमा मालिनी ने हिस्सा लिया था और शानदार डांस किया था। अब वैजयंती माला ने भी परफॉर्म किया।

**फैंस हैरान, जोड़ लिए हाथ और की तारीफ:** फैंस तारीफ किए बिना नहीं रह पा रहे हैं। किसी ने इसे अद्भुत कहा तो कोई साष्टांग प्रणाम करने लगा।

**54 साल से एक्टिंग से दूर हैं वैजयंती माला:** मालिनी अवस्थी ने वैजयंती माला के साथ कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। बता दें कि पद्म श्री से सम्मानित वैजयंतीमाला भरतनाट्यम में पारंगत हैं। वैजयंतीमाला पिछले 54 साल से एक्टिंग और फिल्मों की दुनिया से दूर हैं। उन्होंने साल 1970 में फिल्म गंवार में काम करने के बाद फिल्मों को अलविदा कह दिया था। (स्रोत: समाचार एजेंसी)

# हरियाणा में पहली बार 09 मार्च शहीद हसन खां मेवाती जयंती पर होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम : चौधरी जाहिद हुसैन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भारत सरकार में मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन के सदस्य चौधरी जाहिद हुसैन ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2014 में सत्ता संभालते ही सर्व-समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए महापुरुषों की जयंतियां सरकारी तौर पर मनाने का निर्णय लेकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया और इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने शहीद हसन खां मेवाती जयंती को राज्य स्तर पर मनाने का फैसला लिया है। जिसके अंतर्गत समाज के हर वर्ग से जुड़े महापुरुषों



की जयंती मनाई जा रही है। भाजपा नेता जाहिद हुसैन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शी सोच और मार्गदर्शन में जब से सरकार ने संत महापुरुषों की जयंतियों व यादगार दिवसों को सरकारी तौर पर मनाने की पहल की है, तो सर्व समाज के लागों ने इन कार्यक्रमों में भाग लेकर समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है। सरकार की यह पहल युवाओं को प्रेरणा देते हुए उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे ले जाने की भी एक पहल है। इसी उद्देश्य से सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना चलाई है।जिसके तहत अब तक प्रदेशभर में अनेक महापुरुषों के सम्मान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इसी कड़ी में हरियाणा में पहली बार राजा शहीद हसन खां मेवाती जयंती पर नूह में 09 मार्च को भव्य राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। राजा हसन खां मेवाती के जीवन व आदर्शों को युवा पीढ़ी को अपनाना चाहिए। उनकी इन्हीं सोच को हर नागरिक को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए और जरूरतमंद व गरीब व्यक्ति की सहायता करनी चाहिए, तभी समाज, प्रदेश व देश उन्नति करेगा। हसन खां मेवाती का इतिहास जितना गौरवशाली और महान है,समारोह को सफल बनाने के लिए मेवाती समाज में खासा उत्साह है।

# जिला में निकाली जाएगी पोलियो जागरूकता रैली : उपायुक्त

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेन्द्र खडग़टा ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 2024 का आयोजन 3 मार्च 2024 को किया जा रहा है, जिसमें 3 मार्च 2024 को बूथ पर तथा 4 एवं 5 मार्च 2024 को घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सघन पोलियो अभियान के तहत पूरे जिला को कवर किया जाए तथा एक भी बच्चा पोलियो की खुराक लेने से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि पोलियो अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नूंह जिला मुख्यालय सहित पुन्हाना, फिरोजपुर-झिरका, एवं तावडू में विद्यार्थियों द्वारा पोलियो जागरूकता रैली निकाली जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान हेतु 0 से 5 वर्ष तक के 3 लाख 401 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी, जिसके लिए 1082 पालियो बूथ पर 265 सुपरवाइजर टीम तथा 3 हजार 825 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने 5 साल तक के बच्चों को 3 मार्च के दिन अपने नजदीकी बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं व अभियान को सफल बनाए।

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ बनवारीलाल का बड़ा बयान, बोले-

# जजपा से गठबंधन में नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**सभी 10 सीटों पर बीजेपी का खिलेगा कमल।**

**बावल से विधायक बनने का सपना देखने वाले साथियों को दी नसीहत।**

**संदूक में बंद कर के रख दें कुर्ता पायजामा।**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा के सहकारिता एवं स्वास्थ्य अभियंत्रिक मंत्री डॉ बनवारी लाल ने भाजपा जजपा गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है। डॉक्टर बनवारी लाल ने कहा कि मुझे नहीं लगता गठबंधन में लोकसभा का चुनाव लड़ा जाएगा। हालांकि गठबंधन का फैसला शीश नेतृत्व करेगा, मगर इतना जरूर है कि प्रदेश की 10 की 10 सीटों पर कमल जरूर खेलेगा। मंत्री डॉ बनवारीलाल शनिवार को रेवाड़ी के कस्बा बावल में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे थे। मंत्री ने कहा आज प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं में लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम से चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया है। मेरा मानना है कि 10 साल तक केंद्र और प्रदेश सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं इसलिए मुझे लगता है कि हम 10 की 10 सीटों पर जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि इस समय भाजपा के पक्ष में माहौल है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसे ऐतिहासिक फैसले लिए हैं जिन्हें दशकों से लटकाया जा रहा था। कांग्रेस के बारे में कहा कि कांग्रेस किसी भी तरह हमारे मुकाबले में नहीं है। डॉक्टर बनवारी लाल ने गठबंधन तथा अपनी पार्टी नेताओं को भी आड़े हाथ लिया उन्होंने कहा कुछ नेताओं ने विधायक बनने की लालसा पाल ली थी अब उनके मनसूबे पर एक तरह से पानी फिर गया है। विधायक बनने के महत्वाकांक्षा बढ़ाने पर उन्होंने मेरा विरोध किया। विरोध करने वाले नेताओं को नसीहत देते उन्होंने कहा कि अपने कुर्ते पजामे संदूक में रख देने चाहिए। सहकारिता मंत्री ने एक दिन पहले नारनौल में कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के मौजूदगी में हुए हंगामे पर भी कहा की कांग्रेस में कभी भी एकता नहीं हो सकती। कांग्रेस में तकरार की यह कोई नई बात नहीं है। लोकसभा में कांग्रेस भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकती, वहीं राजस्थान के साथ में पानी समझौते पर कहां की राजस्थान के साथ बरसात के पानी पर समझौता हुआ है क्योंकि बरसात के पानी से हरियाणा में बाढ़ आ जाती है। विपक्ष जनता को बरगला रहा है। मंत्री ने कहा कि इस बार जनता भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड तोड़ मतों से जिता कर भेजेगी।

# आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पुन्हाना विधानसभा कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शनिवार को लोकसभा चुनाव हेतु 90 विधानसभा कार्यालयों का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें गुरूग्राम से प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया, इस अवसर पर पुन्हाना विधानसभा कार्यालय पर विधानसभा प्रभारी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया तथा माननीय मुख्यमंत्री को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए सुना। इस अवसर पर चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ताओं से विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर जान मोश जिला प्रमुख, बलराज सिंगला चेयरमैन, मंडल अध्यक्ष राकेश कंसल, एडवोकेट लियाकत अली जिला उपाध्यक्ष, आजाद अहमद , कमल सैनी, मंडल अध्यक्ष ओ बी सी मोर्चा गिरराज प्रजापत , संजय सिंगला, सुभाष भारद्वाज, वसीम खान , हेमराज मेहता, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सचिन पांचाल , कृष्ण शर्मा , मुंशी कुरैशी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के बाद सात साल की बच्ची की हत्या, खेत में दफनाया शव

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** फिरोजपुर झिरका थाने के अंतर्गत एक गांव से रिश्तों को शर्मसार करने की घटना सामने आई है। रिश्ते में चाचा लगने वाले आरोपी ने अपनी ही भतीजी के साथ दुष्कर्म करके उसकी हत्या कर दी। 7 साल की बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म कर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बच्ची की हत्या कर उसे गांव में सरसों के खेत में दबा दिया और परिजनों के साथ मिलकर दो दिनों तक लड़की को ढूंढने का नाटक करता रहा।

पुलिस ने बताया कि दो दिन पहले मृतक बच्ची के परिजनों ने बच्ची के लापता होने की शिकायत थाने में दी थी। जिसपर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरु कर दी गई थी। लेकिन जैसे ही परिजनों को पड़ोसियों के बच्चों ने बताया कि गुम होने से पहले रिश्ते में चाचा लगने वाले आरोपी ने बच्ची को पैसे देकर दुकान से सामान मंगाया था और उसके बाद से ही बच्ची लापता है।

पुलिस ने बताया कि शक के आधार पर जब आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने सारी सच्चाई उगल दी और गांव में खेतों में जाकर मिट्टी में दबे हुए लड़की के शव को बरामद किया गया। फिरोजपुर झिरका थाना प्रभारी ने बताया कि लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए मंडीखेडा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां पर शव का पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आरोपी को नियमानुसार अदालत में पेश किया जाएगा।

# खेल नर्सरी खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित, 15 मार्च अंतिम तिथि : उपायुक्त

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा सरकार प्रदेश में नई खेल प्रतिभाओं को उभारने के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। जिसके लिए सरकार की ओर से खेल नर्सरी योजना आरंभ की गई है। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से खेल नर्सरी योजना के तहत सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों, पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों से खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य राज्य में प्रारंभिक रूप से खेलों को बढ़ावा देने तथा ग्रास रुट लेवल पर खेल प्रतिभाओ को उभारना है। खेल नर्सरी योजना के तहत खेल नर्सरी ओलंपिक, एशियन व कॉमनवेल्थ गेम्स में सममिलित खेलों के लिए ही खोली जा सकेंगी, जिसके लिए इच्छुक संस्थान खेल विभाग हरियाणा के पोर्टल haryanasports.gov.in/ पर 15 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

# चौ देवीराम, रमन यादव, अशोक यादव जेजेपी के पंचायती राज प्रकोष्ठ में पदों पर नियुक्त



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जननायक जनता पार्टी के पंचायती राज प्रकोष्ठ में प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गयी जिसमें रेवाड़ी जिले से चौ. देवीराम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमन यादव को प्रदेश महासचिव एवं अशोक यादव को प्रदेश सचिव की जिम्मेवारी दी गयी है। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला, प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी राकेश जाखड, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील मूड, जिला अध्यक्ष चौ. विजय सिंह सहित समस्त जिला कार्यकारिणी का आभार प्रकट किया और विश्वास दिलाया कि कभी भी पार्टी के मान सम्मान में कोई कमी नही आने देंगे एवं अपनी जिम्मेवारी को बखूबी निभाएंगे। इस खुशी के अवसर पर जिला रेवाड़ी के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी एवं पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इस कदम पार्टी कार्यकर्ताओं को संदेश गया कि कार्यकर्ताओं का मान सम्मान करने में जेजेपी हमेशा आगे रहती है।

# स्कूल की बस के शराबी ड्राइवर का वीडियो आया सामने

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**




**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा के एक निजी स्कूल की बस के ड्राइवर का वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में बस का ड्राइवर नशे में धुत नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने उसे इस हालत में देख रोक लिया। बस में उस वक्त स्कूली बच्चे सवार थे। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव का केस दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेवाड़ी जिले के धारूहेड़ा कस्बा के एमएलपी स्कूल की बस रोजाना की तरह शनिवार को गांव तितरपुर के विद्यार्थियों को लेने आई थी। बस का ड्राइवर जब बच्चों को लेकर स्कूल जाने लगा तो ग्रामीणों को शक हुआ कि ड्राइवर शराब के नशे में है, तब ग्रामीणों ने उसे रोक लिया। ग्रामीण जब ड्राइवर को रोक रहे थे तो वह धमकी दे रहा था कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। ग्रामीणों ने बताया कि बस का ड्राइवर नशे में चूर था उस वक्त बस में काफी बच्चे सवार थे। ग्रामीण में बस ड्राइवर का वीडियो बना लिया साथ इसकी सूचना पुलिस को दी। बस में सवार कुछ बच्चों से जब ड्राइवर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं मालूम था कि ड्राइवर ने शराब पी हुई है। बच्चों ने यह भी बताया कि बस के एटेंडेंट ने ड्राइवर को रोका भी था लेकिन वह नहीं माना। सूचना के बाद मौके पर पहुंची धारूहेड़ा पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव का केस दर्ज कर लिया है। जब मीडिया ने स्कूल प्रबंधक से बात की तो उन्होंने इस तरह की घटना होने से इनकार कर दिया।

# विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे फूलों से महका जेल परिसर

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** जिला जेल अधीक्षक बिमला देवी के मार्गदर्शन व जेल उप अधीक्षक रेशम सिंह के अथक प्रयासों से नूंह जेल प्रांगण में रंग-बिरंगे विभिन्न प्रकार के फूलों के बगीचे तैयार किए गए हैं। जेल परिसर में प्रवेश करते ही गेंदा, गुलाब, आईस, पटूनिया, गुलदावरी व अन्य प्रकार के सुंदर-सुंदर फूलों की महक व उनकी खिलावट सभी को आनन्द व खुशी का अहसास करवाती है। जेल अधीक्षक बिमला देवी ने बताया कि जेल में लगभग 100 प्रकार के इन खिले हुए फूलों के बगीचे, क्यारियां व 5 पार्कों से प्रकृति की अद्भुत सुंदरता व मानव मस्तिष्क में उसके प्रभाव का अलग ही अनुभव होता है। उन्होंने बताया कि इन हरे-भरे सुंदर पार्कों से जहां जेल परिसर की सुन्दरता बढ़ी है, वहीं कैदियों व बंदियों की मनोस्थिति में भी प्रकृति की इस सुंदरता का सकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जेल परिसर में लगाए गए विभिन्न प्रकार के इन फूलों के पौधे दिल्ली व गुडगांव से मंगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जेल परिसर में फूलों के बगीचों व पार्कों को तैयार करने में जेल बंदियों की बड़ी भूमिका है। इससे न केवल जेल परिसर की सुंदरता बढ़ी है, बल्कि जेल बंदियों को एक सकारात्मक और रचनात्मक कार्य में शामिल होने का अवसर मिला है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जेल बंदियों को सामाजिक रूप से फिर से समाज में सम्मिलित करना है और उन्हें जीवन में नई उम्मीद और सकारात्मकता का महसूस करने का मौका देना है। उन्होंने कहा कि जिन जेल बंदियों ने इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई हैं, जेल प्रशासन उनकी प्रशंसा करता है। यह एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि रचनात्मक सोच और सामाजिक सहयोग से हम किसी भी परिस्थिति को पार कर सकते हैं।

# हरियाणा भाजपा की हुंकार–फिर एक बार मोदी सरकार

**पूरी निष्ठा और मेहनत से देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लक्ष्य में जुट जाएं कार्यकर्ता : मुख्यमंत्री मनोहर लाल**

**देश के कोने–कोने में हो रहा विकास, आमजन का सिर्फ भाजपा पर विश्वास : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी**

**2024 लोकसभा चुनावों में जीत का नया इतिहास रचेगी भाजपा : गार्गी कक्कड़**

**पूरा विश्व जान गया है कि केवल 'इंडिया इज फ्यूचर' : मनीष यादव**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** शनिवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के सभी 10 संसदीय क्षेत्रों के अंतर्गत विधानसभा स्तर पर 90 लोकसभा चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन कर कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे अगले 100 दिन पूरी निष्ठा और मेहनत से देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लक्ष्य में जुट जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से देश और प्रदेश का कोना–कोना रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने बीते दस वर्षों में प्रदेश से भाई–भतीजावाद, पर्ची–खर्ची की कार्यसंस्कृति को खत्म कर प्रदेश में समान रूप से समान विकास और समान रोज़गार की संस्कृति पैदा कर राजनीतिक परिदृश्य ही बदल दिया है। जिसके चलते आज प्रदेश के युवा आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत में सहभागिता निभाने आगे आ रहे हैं।

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से वर्चुअल माध्यम से जुड़े प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा की ताकत त्याग से परिपूर्ण उसके कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता ही हैं, जो दिन और रात मेहनत कर अंत्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दृढ़ संकलपित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा देश एक एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जहां साधारण से साधारण कार्यकर्ता सर्वोच्च पद तक पहुँच सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम से हम एक बार फिर से हरियाणा प्रदेश की 10 की 10 लोकसभा सीट जीत कर नया इतिहास रचेंगे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा ने विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण, जम्मू–कश्मीर से धारा 370 को हटाना, तीन तलाक खत्म कर नारी सशक्तिकरण एवं सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर निर्मित करने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य भाजपा सरकार ने करके दिखाए हैं।

गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत 9 विधानसभा के कार्यालयों का उद्घाटन भी इसी कड़ी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बादशाहपुर विधानसभा के लोकसभा चुनाव कार्यालय अवसर पर एमजी रोड पहुंची भाजपा की प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़ ने कहा कि आगामी दिनों में होने वाले चुनावों में भाजपा गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र से जीत का नया इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हरियाणा की जनता लालायित है। गार्गी कक्कड़ ने कहा कि माजरा एम्स, मुंबई एक्सप्रेस–वे, द्वारका एक्सप्रेस–वे, मेट्रो विस्तार परियोजना एवं गुरुग्राम रेलवे स्टेशन को अमृत भारत रेलवे स्टेशन में चयनित होने जैसी महत्वपूर्ण सौगातों से गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के विकास को नए पंख लगे हैं।

इस अवसर पर बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में एमजी रोड पर सहारा मॉल के नज़दीक लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर गत विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे मनीष यादव हजारों कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहे एवं ढोल–नगाड़ों की थाप एवं भाजपा जिंदाबाद के जयघोष के बीच रिबन काट कर कार्यालय का उद्घाटन किया।

मनीष यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में काम कर रही केंद्र एवं प्रदेश की डबल इंजन वाली भाजपा सरकार ने देशवासियों में आत्मनिर्भरता का एक नया विश्वास पैदा कर दिया है जिससे आज प्रत्येक देशवासी विरासत को सहेजते हुए विकसित भारत में योगदान दे रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू कर देश की आधी आबादी को नीति–निर्धारण में शामिल करने, उज्जवला, मातृत्व वंदना, नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, स्टार्टअप और स्टैंडअप इंडिया, मुद्रा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, स्वनिधि योजना जैसी महत्वकांक्षी योजनाओं से भारत का सामर्थ्य बढ़ाने का काम किया है।

मनीष यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते ही आज पूरा विश्व कह रहा है इंडिया इज फ्यूचर, जो प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हम दुनिया की टॉप 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुके हैं एवं वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर विश्व का नेतृत्व करता हुआ दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र में भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी और फिर एक बार मोदी सरकार के संकल्प को साकार करने का काम गुरुग्राम की जनता करेगी। मनीष यादव ने कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में गुरुग्राम लोकसभा संयोजक मनीष मित्तल, बादशाहपुर विधानसभा के संयोजक अनिल गंडास, प्रोफेसर हंसराज यादव, मनीष गाडौली, मीनू शर्मा, विधु कालरा, विपिन यादव आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एसजीटी अस्पताल में 'कॉमन सर्विस सेंटर' की स्थापना



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** एसजीटी मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसजीटी अस्पताल) ने स्थानीय नागरिकों के लिए एक 'कॉमन सर्विस सेंटर' की स्थापना की है। यह सेंटर ऑन–साइट हब के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को आवश्यक कार्ड और प्रमाणपत्र, जैसे– आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, जीवन प्रमाण पत्र, पारिवारिक पहचान, जन्म प्रमाणपत्र, आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड आदि उपलब्ध कराने में सुविधा प्रदान करेगा।

केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर मेडिसिन और हेल्थ सर्विसेज की कार्यकारी निदेशक डॉ. रीना नय्यर, मेजर जनरल (डॉ.) एसपीएस कोचर (सेवानिवृत्त), फैकल्टी ऑफ मेडिसिन और हेल्थ सर्विसेज के डीन और मेजर जनरल डॉ. मनवीर सिंह तेवतिया (सेवानिवृत्त) तथा एसजीटी अस्पताल के सीईओ–सह–चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट उपस्थित थे। एसजीटी अस्पताल का यह केंद्र मरीजों, छात्र–छात्राओं, स्टाफ तथा स्थानीय नगारिकों को सरकारी तथा अन्य प्रमाणपत्र प्रदान करने में मदद करेगा। ग्रामीण इलाके के बुढेरा में स्थित एसजीटी अस्पताल अन्य लोगों के साथ ही समाज के वंचित लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है। एसजीटी विश्वविद्यालय के मेडिकल छात्रों को प्रशिक्षण देने के साथ–साथ, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में एसजीटी अस्पताल सक्रिय है।

अभी हाल ही में एसजीटी मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसजीटी अस्पताल) में वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सीनियर सिटीजन हेल्थ कार्ड को लॉन्च किया, जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। एसजीटी अस्पताल में स्थापित 'कॉमन सर्विस सेंटर' स्थानीय निवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा।

## स्टार्ट अप के लिए आगे आए युवा शक्तिः नवीन गोयल

**संगम इलेक्ट्रॉनिक्स की दूसरी शाखा का किया उद्घाटन**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने कहा कि स्टार्ट आज के समय की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में स्टार्ट अप इंडिया मुहिम जैसे अनेक सार्थक कदम उठाए हें। युवाओं को स्टार्ट अप के लिए आगे आना चाहिए। यह बात उन्होंने शुक्रवार को बबबके उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने संगम इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक गोयल परिवार को कारोबार में सफलता की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि देश के युवाओं भारत को दुनिया में पहले 3 स्टार्टअप ईकोसिस्टम में स्थान दिला दिया है। दुनिया के युवाओं को भारत का ये सामर्थ्य देखकर अचंभा हो रहा है। भारत ने जो कमाल किया है, वह दिल्ली–मुंबई–चेन्नई तक सीमित नहीं है। टियर–2 और टियर–3 शहरों के नौजवान भी भाग्य गढ़ रहे हैं। देश में स्टार्टअप की लहर लाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा हाथ रहा है। अपने पहले कार्यकाल में ही उन्होंने 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत करके इनोवेशन और नए बिजनेस आइडिया को बढ़ावा देने की अपनी मंशा जता दी थी। इस अवसर पर राजपाल गोयल, नरेश गोयल, चिराग, हिमांशु, नरेश गोयल नेता, नीरज गुप्ता, रवि सिंगला, समता सिंगला, मोनिका गोयल, विनय मंगल व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

नवीन गोयल ने कहा कि स्टार्टअप की दुनिया में मिन्त्रा के कॉ–फाउंडर मुकेश बंसल ने वर्ष 2016 में अंकित नागोरी के साथ मिलकर क्योर डॉट फिट स्टार्टअप की शुरुआत की। आज यह कंपनी नामी कंपनी बन चुकी है। भविष अग्रवाल ने ओला कैब्स की शुरुआत कर ऐप बेस्ड टैक्सी सर्विस लांच की थी। भविष्य को देखते हुए भविष ने वर्ष 2017 में ही ओला इलेक्ट्रिक की शुरुआत की। इसमें कोई दोराय नहीं कि पीएम मोदी देश के स्टार्टअप इंडस्ट्री में बड़ा बदलाव ला रहे हैं। वर्ष 2013–14 में जहां 4 हजार पेटेंट्स को स्वीकृति मिली थी। पिछले वर्ष 28 हजार से ज्यादा पेटेंट्स ग्रांट किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013–14 में जहां करीब 70 हजार ट्रेड मार्क रजिस्टर हुए थे। 2020–21 में ढाई लाख से ज्यादा ट्रेड मार्क्स रजिस्टर किए गए हैं।

## लोकसभा चुनाव : भाजपा की पहली सूची में 195 उम्मीदवारों के नाम, वाराणसी से पीएम मोदी ; 34 मंत्री भी शामिल

**स्मृति ईरानी एक बार फिर अमेठी से चुनाव लड़ेंगी. मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बीजेपी ने विदिशा सीट से लोकसभा चुनाव में उतारा है. ज्योतिरादित्य सिंधिया को गुना सीट से उतारा गया है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से उम्मीदवार बनाए गए हैं.**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है. पीएम मोदी वाराणसी सीट से चुनाव में उतरेंगे. गृहमंत्री अमित शाह गांधीनगर लोकसभा सीट से चुनाव में उतरेंगे. राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा, 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेश में से 195 सीट्स पर चुनाव उम्मीदवारों के नाम तय हो गए हैं. 34 केंद्रीय एंव राज्य मंत्रियों के नाम भी इस सूची में हैं.

**बीजेपी ने कई पुराने चेहरे पर जताया विश्वास**

बीजेपी की लिस्ट में कई बड़े चेहरे भी शामिल है. पार्टी ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा सीट से लोकसभा चुनाव में उतारा है. ज्योतिरादित्य सिंधिया को गुना सीट से उतारा गया है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से उम्मीदवार बनाए गए हैं. मनोज तिवारी को भी पार्टी की तरफ से टिकट मिल गया है. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी लोकसभा चुनाव का टिकट मिल गया है.

**दिल्ली में 5 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान**

पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत, दक्षिणी दिल्ली से रामवीर सिंह बिधूड़ी और चांदनी चौक से प्रवीण खंडेलवाल चुनाव लड़ेंगे. पार्टी ने नयी दिल्ली से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूडी, चांदनी चौक से पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा की जगह कमलजीत सेहरावत को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है. भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एक बार उत्तर पूर्व दिल्ली से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे.

**केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से लड़ेंगे चुनाव**

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे.

**अजय मिश्रा टेनी, रवि किशन सहित यूपी में 51 नामों का हुआ ऐलान**

भाजपा ने उत्तर प्रदेश की अंबेडकर नगर लोकसभा सीट से बसपा के पूर्व सांसद रितेश पांडे को मैदान में उतारा. रवि किशन गोरखपुर से फिर चुनाव लड़ेंगे. अजय मिश्रा टेनी, महेश शर्मा, एसपीएस बघेल, साक्षी महाराज को फिर से चुनाव मैदान में उतारा.

**आसनसोल से भोजपुरी स्टार पवन सिंह को मिला टिकट**

पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव राजस्थान के अलवर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे.स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पोरबंदर से, सर्बानंद सोनोवाल को डिब्रूगढ़ से मैदान में उतारा है. अरुणाचल प्रदेश की दो सीट से किरेन रिजिजू, तापिर गाओ को ही चुनाव मैदान में उतारा. बंगाल के आसनसोल सीट से भोजपुरी स्टार पवन सिंह को मैदान में उतारा गया है.

**पीएम मोदी के बनारस से चुनाव लड़ने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह**

वाराणसी से पीएम मोदी को एक बार फिर उम्मीदवार बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया. प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2014 में वाराणसी और वड़ोदरा से चुनाव लड़कर दोनों जगहों से जीत हासिल की थी। हालांकि बाद में उन्होंने वड़ोदरा सीट छोड़ दी थी. साल 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी ने वाराणसी से 4,79,505 मतों से जीत दर्ज की थी. साल 2014 में उन्होंने 3,71,784 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी.

**इन राज्यों से हैं बीजेपी के 195 उम्मीदवार**

उत्तर प्रदेश 51 पश्चिम बंगाल 20 मध्य प्रदेश 24 गुजरात 15 राजस्थान 15 केरल 12 तेलंगाना 9 सीट असम 11 झारखंड 11 छत्तीसगढ़ 11 दिल्ली 5 जम्मू कश्मीर 2 उत्तराखंड 3 अरुणाचल प्रदेश 2 गोवा 1 त्रिपुरा 1 अंडमान निकोबार 1 दमन एवं दीव 1

## कुरुक्षेत्र लोकसभा से उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता ने लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की

**नेता प्रतिपक्ष और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा से की मुलाक़ात**

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान से भी मिले सुशील गुप्ता**

**कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला से भी हुई मुलाक़ात**

**कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा से भी की शिष्टाचार मुलाकात**

**इंडिया गठबंधन की जीत को लेकर मंथन किया**

**सभी 10 लोकसभा सीटों पर गठबंधन जीत हासिल करेगा : डॉ. सुशील गुप्ता**

**कुरुक्षेत्र से होगी भाजपा के विदाई की शुरुआत : डॉ. सुशील गुप्ता**





**समाचार गेट ब्यूरो**

**दिल्ली/चंडीगढ़, 2 मार्च।** आम आदमी पार्टी प्रदेशाध्यक्ष व कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने लोकसभा चुनाव में प्रचार और आगामी रणनीति को लेकर कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। वे प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला और पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा से मिले।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा की सभी नेताओं से सकारात्मक माहौल में इंडिया गठबंधन की सभी 10 लोकसभा सीटों जीतने पर आगामी रणनीति को लेकर चर्चा हुई है। इंडिया गठबंधन बीजेपी को सत्ता से हटाने का काम करेगा। जनता इंडिया गठबंधन का चुनाव लड़ेगी। आज देश और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। हमारे लिए देश और संविधान पहले है।

उन्होंने कहा हमारा गठबंधन हरियाणा में बहुत मजबूत है। मैंने कुरुक्षेत्र लोकसभा में इंडिया गठबंधन की मज़बूत स्थिति के विषय में भी उन्हें सूचित किया है।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट को लेकर और बाकी हरियाणा में चुनाव प्रचार को लेकर सभी वरिष्ठ नेताओं से चर्चा हुई है। सभी ने आगामी लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन की जीत को लेकर पुरजोर मेहनत करने और एकजुट होकर बीजेपी की तानाशाही को खत्म करने की बात कही है।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सफलता को लेकर सभी नेताओं ने संकल्प लिया है। जल्द ही मिशन मोड में चुनाव प्रचार शुरू हो जाएगा। हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए चर्चा की गई। किस तरीके से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस लोगों के बीच जाएगी इसको लेकर हमारी बातचीत हुई है।

# लोकसभा चुनाव के दौरान पेड न्यूज पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर : डीसी

## जिला में पेड न्यूज, एमसीसी, एमसीएमसी, खर्चा सतर्कता व मीडिया शिकायत को लेकर किया गया है कमेटी का गठन

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** आगामी लोकसभा आम चुनाव के दौरान जिला प्रशासन द्वारा पेड न्यूज को लेकर विभिन्न स्तरों पर निगरानी रखी जाएगी। प्रिंट मीडिया सहित इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। प्रस्तावित चुनाव को लेकर जिला में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिला में पेड न्यूज, एमसीएमसी, खर्चा सतर्कता व मीडिया शिकायत को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा पेड न्यूज, एमसीएमसी, एमसीसी, खर्चा सर्तकता व मीडिया शिकायत को लेकर संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किसी भी वक्त लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान किया जा सकता है। ऐसे में

प्रस्तावित लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में विभिन्न विषयों पर टीमों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने पेड न्यूज, एमसीएमसी और मीडिया संबंधी शिकायतों को लेकर बताया कि वर्तमान समय के दौरान चुनाव प्रचार बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसी प्रचार को माध्यम बनाकर भारत चुनाव आयोग के आदेशों की अवहेलना की जा सकती है और इसी पर कमेटी द्वारा नजर रखी जानी है। उन्होंने कहा कि



पेड न्यूज एक ऐसा विषय है, जिस पर तुरंत संज्ञान लेने की जरूरत होती है।

उन्होंने कहा कि एमसीएमसी कमेटी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दिए जाने वाले विज्ञापन की स्वीकृति ली जाती है। ध्यान रखने की बात ये है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में कोई भी भड़काऊ, धर्म आधारित या कानून एवं शांति व्यवस्था बिगाड़ने जैसे प्रसारण न हों। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान संबंधित टीम के अधिकारी एवं कर्मचारी को आचार संहिता के उल्लंघन के किसी भी मामले में ढिलाई नहीं बरतनी है और तुरंत इसकी सूचना सक्षम अधिकारी तक पहुंचानी है।

उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान समाचार पत्र, टीवी चैनल, लोकल केबल टीवी, सोशल मीडिया आदि में समाचारों की शुचिता बरकरार रहनी चाहिए। कोई भी फेक या पेड न्यूज मीडिया में नहीं आनी चाहिए। कोई भी संचार माध्यम भ्रामक समाचार प्रसारित करता है तो चुनाव आयोग उसके खिलाफ कार्यवाही कर सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान राज्य स्तर पर और जिलास्तर पर मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाता है। यह कमेटी इस बात का ध्यान रखती है कि कहीं कोई प्रचार माध्यम में कोई अफवाह या गलत समाचार तो नहीं प्रसारित किया जा रहा, जिससे चुनाव में मतदाता भ्रमित होता हो। विज्ञापन या समाचार को लेकर किसी प्रकार की शिकायत है तो उसके लिए निर्वाचन विभाग ने 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया हुआ है। चुनाव के समय मतदान से पहले वाले दिन और मतदान के दिन किसी भी उम्मीदवार को टीवी चैनल या अखबार में विज्ञापन प्रसारित करवाना है तो उसके लिए एमसीएमसी कमेटी से प्री सर्टिफिकेट लेना होगा। उन्होंने बताया कि इस विज्ञापन के लिए भारत निर्वाचन आयोग से रजिस्टर्ड राजनैतिक पार्टी के उम्मीदवार को तीन दिन पहले और बाकी उम्मीदवारों को सात दिन पहले कमेटी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कमेटी विज्ञापन सामग्री की जांच कर दो दिन में अपनी स्वीकृति या अस्वीकृति प्रदान करेगी।

लोकसभा चुनाव की मीडिया कवरेज के लिए मीडियाकर्मियों को जारी किए जाएंगे दो तरह के पास : डीसी

डीसी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की मीडिया कवरेज के लिए मीडियाकर्मियों को दो तरह के पास जारी किए जाएंगे। इनमें से एक मतदान के दिन के लिए होगा और दूसरा मतगणना के लिए जारी किया जाएगा।उन्होंने बताया कि पंपलेट, इश्तहार, बैनर, एलईडी आदि विज्ञापन सामग्री के लिए भी भारत चुनाव आयोग ने अपनी दरें निर्धारित की हुई हैं। उन्हीं के अनुसार उम्मीदवार के चुनाव खर्च में धनराशि को जोड़ा जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरूकता के लिए भी स्वीप नाम से अभियान चलाया हुआ है।

# 5100 महिलाओं ने कलश यात्रा में लिया भाग श्री शिव महापुराण से शिवमय हुई कोसली

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** श्री शिव शक्ति सेवा समिति कोसली के तत्वावधान में 21 कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा का आगाज शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। 5100 कलशों को अपने सिर पर धारण कर बैंड-बाजे तथा डीजे पर भजनों के बीच श्रद्धालुओं महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा से क्षेत्र का माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया।

कार्यक्रम का आगाज 21 कुंडीय श्री रुद्र महा यज्ञ के साथ किया गया। जिसमें कार्यक्रम आयोजक तथा कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने अपनी धर्मपत्नी सविता यादव के साथ बतौर मुख्य यजमान हिस्सा लेकर यज्ञ में आहुति दी। इसके उपरांत स्थानीय प्राचीन शिव मंदिर से ब्रज की विख्यात झांकियों के साथ कलश यात्रा शुरु की गई। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने स्वयं अपने सिर पर शिव महापुराण को धारण किया और स्वयं



कलश यात्रा की अगुवाई की। ढोल-बाजों तथा डीजे के भजनों पर नृत्य करते व झूमते श्रद्धालुओं के साथ कलश यात्रा कोसली के विभिन्न बाजारों से होती हुई कथा आयोजन स्थल अनाज मंडी पहुंची। कई स्थानों पर कलश यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। श्रद्धालु महिलाओं के हुजूम के साथ निकाली गई कलश यात्रा से क्षेत्र पूरी तरह शिवमय हो गया।

कथा आयोजन स्थल पहुंचने पर कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने राष्ट्रीय संत व कथावाचक पंडित रामगोपाल महाराज के साथ शिव महापुराण कथा की विशेष पूजा अर्चना की। इस मौके पर कोसली विधायक ने कहा कि शूरवीरों व सैनिकों की इस धरती पर आगामी दस मार्च तक श्री शिव महापुराण कथा के माध्यम से भगवान शिव की कृपया बरसने वाली है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में इस अवसर पर लाभ उठाते हुए धर्म लाभ कमाएं। उन्होंने कहा कि सवा लाख पंचमुखी रुद्राक्ष शिवलिंग दर्शन अपने आप में एक तीर्थ के समान है। उन्होंने कहा कि ब्रज के कलाकारों की विशेष झांकियां के माध्यम से विभिन्न महोत्सव की छटा भी देखने लायक होगी। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुगण एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

# जंगलराज का प्रतीक बनी ममता बनर्जी: वन्दना पोपली

## सत्ता मोह में महिलाओं के हितो को ताक पर रख रहा इंडि गठबंधन

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली ने संदेशखाली में हो रही दुर्भाग्यपूर्ण और लज्जाजनक घटनाओं पर ममता बनर्जी तथा इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा इससे ज्यादा संवेदनहीनता और निर्लज्जता नहीं हो सकती जब महिला मुख्यमंत्री के राज्य में ऐसे घटना हो और शासन प्रशासन अपराधियों का साथ दे। संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं जो कह रही है वह शासन तंत्र को शर्मिंदा कर देने हेतु पर्याप्त हैं। इस क्षेत्र की महिलाएं बताती हैं कि तृणमूल कांग्रेस के लोग गांव में घर-घर जाकर सर्वे करते हैं और महिलाओं को उठाकर पार्टी ऑफिस ले आते हैं और फिर महीनों रखकर इनका शोषण करते हैं। आश्चर्यजनक रूप से



पश्चिम बंगाल पुलिस की ओर से यह लज्जाजनक व्यक्तव्य आता है कि उन्हें संदेशखाली क्षेत्र में कोई भी महिला बलात्कार, यौन उत्पीड़न आदि की शिकायत नहीं मिली है।इसमें हैरानी की कोई बात नहीं जब राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन को खड़े हो कर शिकायत दर्ज करनी पड़ी। वंदना पोपली ने इंडी गठबंधन पर भी कड़ा प्रहार करते हुए कहा क्या इससे शर्मनाक कुछ हो सकता है जब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहे की बंगाल में तो ऐसा होता ही रहता है। क्या कांग्रेस ने सारी नैतिकता छोड़ दी है या राजनीति पर कुर्बान कर दी है। सत्ता में आना और राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनाना ही मुख्य उद्देश्य रह गया है। क्या देश की जनता के बारे में सोचना सेलेक्टिव हो कर रह गया है की अगर गैर भाजपा शासित राज्य में कोई अत्याचार होगा तो उस पर कांग्रेस आवाज़ नहीं उठाएगी। कांग्रेस और बाकि विपक्षी दलों के किसी नेता का कोई बयान ना आना उनकी राजनीती की शुचिता और नैतिकता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रही है। पश्चिम बंगाल की महिलाओं ने जो आज उदाहरण प्रस्तुत किया है वह हर प्रकार से प्रशंसनीय है बंगाली लोकोक्ति हैं थेलाई ना पोरले बेरल गाछे ओथे ना अर्थात आपकी समस्याओं से पार पाने हेतु आपको उस समस्या का सामना करना ही होगा तृणमूल समर्थकों के साथ गांववालों की मारपीट के दूसरे दिन से ही महिलाएं पूरे साहस के साथ लाठी-बांस लेकर सड़कों पर उतर गयीं। तृणमूल नेता शाहजहां के ताप-प्रताप की परवाह न कर उसकी गिरफ्तारी की मांग पर महिलाओं ने प्रदर्शन शुरू किया, जो धीरे-धीरे बड़ा रूप ले चुका है। संदेशखाली के पीड़ितों की मदद में भाजपा के नेता-कार्यकर्ता सड़कों पर उतर पड़े। अब हालात ऐसे हैं कि पूरे संदेशखाली में रोज आंदोलन हो रहे हैं। 55 दिनों तक मुख्य आरोपी की गिरफ़्तारी ना होना यही बताता है कि टीएमसी ने भ्रष्टाचार और अपराध का एक नया मॉडल स्थापित किया है।

# भाजपा का संकल्प पत्र बनाने के लिए एक करोड़ लोगों से लिया जाएगा सुझाव : डॉ. सतीश खोला



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भाजपा पूरे देश में एक बड़ा अभियान चलाकर एक करोड़ लोगों से 2024 के लिए विशाल संकल्प पत्र तैयार कर रही है। भाजपा गुड़गांव लोकसभा संकल्प पत्र कमेटी के सह प्रमुख डॉ. सतीश खोला ने बताया कि नमो ऐप व 9090902024 फोन नंबर द्वारा तथा प्रत्येक विधानसभा में एक बड़ी एलइडी वैन के द्वारा सुझाव लिए जाएंगे। मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए आधुनिक प्रणाली से यह कार्य योजना तैयार की है ताकी हर वर्ग के लोगों से इसमें हिस्सा ले सकें। आज रेवाड़ी विधानसभा के चुनाव कार्यालय पर इस योजना की शुरुआत की गई जिसमें पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे ।डॉ. सतीश खोला ने बताया कि रेवाड़ी जिले की प्रत्येक विधानसभा में एक-एक वैन एलइडी पांच मार्च से पंद्रह मार्च तक रहेगी जो सभी मुख्य स्थान पर जाकर संकल्प पत्र के लिए जनता से सुझाव एकत्रित करेगी जिसके लिए पार्टी ने अपने स्तर पर दर्जनों वॉलिंटियर्स की भी जिम्मेदारी लगाई गई है ताकि इसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग भाग से ले सकें और विकसित भारत के लिए संकल्प को जल्द पूरा करने के लिए एक अच्छा विजन डॉक्यूमेंट तैयार हो सके।

# खेलो इन्डिया प्रतियोगिता में के.एल.पी. कॉलेज के विद्यार्थी ने जीता सिल्वर मैडल

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला मुख्यालय स्थित किशन लाल पब्लिक कॉलेज रेवाड़ी के खेल विभाग के अध्यक्ष डॉ0 रामबीर सिंह ने बताया कि हमारे कॉलेज के विद्यार्थी साहिल कुमार बी.ए.तृतीय वर्ष ने खेलो इनडिया प्रतियोगिता जो कि दिनांक 24 फरवरी 2024 से 01 मार्च 2024 तक गंगटोक में आयोजित की गई, में 86 किलो भारवर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन




करते हुए सिलवर मैडल प्राप्त कर कॉलेज और हरियाणा प्रदेश का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष संदीप खंडेलवाल, महासचिव कपिल गोयल, कोषाध्यक्ष हेमंत अग्रवाल, प्राचार्य डॉ0 कविता गुप्ता एवं शारिरीक सिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ0 पंकज फोगाट ने विद्यार्थी साहिल कुमार को हार्दिक बधाई दी एवं उसके उज्जवल भविष्ण की कामना की।

# रेवाड़ी के बोलनी गांव में छात्र को जिंदा जलाने की कोशिश

## बाइक पर किडनैप कर शमशान घाट ले गए, मुंह पर कपड़ा बांध पेट्रोल छिड़का

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी के एक गांव निवासी दसवीं कक्षा के छात्र को जिंदा जलाने की कोशिश की गई। बाइक पर सवार दो युवक उसका अपहरण कर शमशान घाट ले गए जहां उसके मुंह पर कपड़ा बांध पेट्रोल छिड़क दिया। इससे पहले कि आरोपी उसे आग लगाते पीड़ित का चाचा मौके पर पहुंच गया और छात्र की जान बच गई। आरोपी गांव के ही एक जगह लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गए। कैमरे में आरोपी छात्र को बाइक के बीच बैठा कर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। कसोला थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इसी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार रेवाड़ी के गांव गढ़ी बोलनी निवासी छात्र ऋतिक



द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक वह दसवीं कक्षा का छात्र है। शाम जब वह अपने पुराने घर दादा-दादी के पास जा रहा था तो रास्ते में एक बाइक पर सवार होकर आए अविनाश व भोला नाम के दो युवकों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया और पिटाई करने लगे, इतना ही नहीं उन्होंने उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठा लिया और अपहरण करके शमशान घाट में ले गए, वहां पर उन्होंने उसके साथ लाठी डंडों से जबरदस्त मारपीट की और मुंह पर कपड़ा बांध दिया। आरोपियों ने बाइक की टंकी से पेट्रोल निकाल कर उस पर छिड़क दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए आग लगाने की कोशिश की, लेकिन उसी दौरान छात्र का चाचा विजेंद्र मौके पर पहुंच गया। जिसे देखकर आरोपी उसे धमकी देते हुए फरार हो गए। चाचा ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। रितिक का कहना है कि अगर चाचा समय पर नहीं पहुंचता तो वे उसे आग के हवाले कर देते। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है। चाचा विजेंद्र ने कहा कि हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। किसी अविनाश नाम के लड़के के कहने पर उनके भतीजे को उठाया गया है और फिर इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने अभी तक मेरे भतीजे के जिन कपड़ों पर पेट्रोल छिड़का था वह भी कब्जे में नहीं लिए हैं। वहीं कसोला थाना एसएचओ इंस्पेक्टर कृष्णाकांत ने मीडिया को बताया कि अभी कोई रंजिश का पता नहीं चल पाया है। परिवार ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने की कोशिश करने का आरोप लगाया, हालांकि इस तरह की अभी पुष्टि नहीं हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# लक्ष्मण सिंह ने किया फीता काटकर रोहतक लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने शनिवार को कैंप कार्यालय स्थित ऑफिस में रोहतक लोकसभा क्षेत्र के कोसली विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यालय का उद्घाटन मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने वर्चुअल माध्यम से किया। इस मौके पर कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओजस्वी नेतृत्व का जादू देश ही नहीं अपितु पूरी दुनिया के सिर चढक़र बोल रहा है। पूरी दुनिया में लोकप्रियता के मामले में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस सालों के दौरान अनेकों ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं, जिन्हें लेकर विपक्षी दल देश की जनता को हमेशा बरगलाते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल देश की छवि को चार चांद लगाए हैं, अपितु विकास की गति को तेज गति से बढ़ाते हुए हर वर्ग के हितार्थ अनेकों योजनाएं क्रियानवित की है। जिसका लाभ आज देश का प्रत्येक वर्ग प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों जोरों से शुरु कर दी है। इसलिए पार्टी का एक-एक पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ स्तर



तक संगठन को और मजबूत करने का कार्य करते हुए नवमतदाताओं पर भी फोसक करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है, जिसे हमें हासिल करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की सभी दस सीटों पर कमल खिलाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने आज वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के कार्यालयों का उद्घाटन किया है। पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनाव की तैयारियों में कमर कसकर तैयारियों में जुट जाए। इस मौके पर पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक हुकुमचंद, किसान मोर्चा के सचिव बलजीत यादव, जिला सचिव सरदार सिंह बहाला, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष शारदा यादव, मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, इंद्र राव, राकेश यादव व दयानंद सोनू, नाहड़ मंडल किसान मोर्चा के अध्यक्ष गजराज यादव, नाहड़ मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, नाहड़ मंडल एससी मोर्चा अध्यक्ष कृष्ण जुड्डी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कृष्ण झोलरी, महामंत्री रामौतार, कृष्ण, राममेहर, जयराज, कंवर सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुकेश लता, विजया देवी, रामनिवास, रणबीर, रामेश्वर व राजेश समेत काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के कृष्णानगर में 15,000 करोड़ रुपये की विविध विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के कृष्णानगर में 15,000 करोड़ रुपये की विविध विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। आज की ये विकास परियोजनाएं बिजली, रेल और सड़क जैसे क्षेत्रों से संबद्ध हैं।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन पश्चिम बंगाल को विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक और कदम है। उन्होंने आरामबाग में कल के कार्यक्रम को याद किया जहां उन्होंने रेलवे, बंदरगाह और पेट्रोलियम क्षेत्रों में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की विविध विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, और आज एक बार मुझे करीब 15 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का सौभाग्य मिला है। बिजली, सड़क, रेल की बेहतर सुविधाएं बंगाल के मेरे भाई-बहनों के जीवन को भी आसान बनाएंगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से पश्चिम बंगाल के विकास को गति मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर भी उपलब्ध होंगे। प्रधानमंत्री ने आज की विकास परियोजनाओं के लिए नागरिकों को बधाई दी।

विकास की प्रक्रिया में बिजली के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार पश्चिम बंगाल को बिजली की अपनी जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दामोदर घाटी निगम की कोयला आधारित थर्मल पावर परियोजना के तहत, पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर स्थित रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन चरण II (23660 मेगावाट) राज्य में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश लाएगी। उन्होंने कहा कि इससे राज्य की ऊर्जा संबंधी जरूरते पूरी होंगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि लगभग 650 करोड़ रुपये की लागत से विकसित मेजिया थर्मल पावर स्टेशन की यूनिट 7 और 8 की फ्ल्यू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) प्रणाली पर्यावरण संबंधी समस्याओं के प्रति भारत की गंभीरता का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल देश के लिए पूर्वी द्वार के रूप में कार्य करता है और यहां से पूर्व के लिए अवसरों की अपार संभावनाएं हैं। इसलिए, सरकार रोडवेज, रेलवे, वायुमार्ग और जलमार्ग की आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एनएच-12 (100 किमी) के फरक्का-रायगंज खंड को चार लेन करने की जिस सड़क



परियोजना का आज उद्घाटन किया गया, उसका बजट लगभग 2000 करोड़ रुपये था और इससे यात्रा का समय आधा हो जाएगा। इससे आसपास के शहरों में यातायात सुगम होगा और क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी और इसके साथ-साथ किसानों को भी मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बुनियादी ढांचे के दृष्टिकोण से रेल पश्चिम बंगाल के गौरवशाली इतिहास का हिस्सा है। उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि पिछली सरकारों ने राज्य की विरासत और बढ़त को सही ढंग से आगे नहीं बढ़ाया, जिससे राज्य पीछे छूटता गया। प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में पश्चिम बंगाल की रेल अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला और पहले के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा रुपए खर्च करने का उल्लेख किया। उन्होंने आज के अवसर को रेखांकित किया जब चार रेल परियोजनाएं राज्य के आधुनिकीकरण और विकास के लिए समर्पित की जा रही हैं, जो विकसित बंगाल के संकल्पों को पूरा करने में मदद करेंगी। उन्होंने नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए अपनी बात समाप्त की।

इस अवसर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सी वी आनंद बोस और केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री श्री शांतनु ठाकुर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

**पृष्ठभूमि**

प्रधानमंत्री ने पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर स्थित रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन चरण II (23660 मेगावाट) का शिलान्यास किया। दामोदर घाटी निगम की यह कोयला आधारित थर्मल पावर परियोजना अत्यधिक कुशल सुपरक्रिटिकल तकनीक का उपयोग करती है। नया प्लांट देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक कदम होगा।

प्रधानमंत्री ने मेजिया थर्मल पावर स्टेशन की यूनिट 7 और 8 की फ्ल्यू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) प्रणाली का उद्घाटन किया। लगभग 650 करोड़ रुपये की लागत से विकसित एफजीडी प्रणाली फ्ल्यू गैसों से सल्फर डाइऑक्साइड को हटा देगी और स्वच्छ फ्ल्यू गैस का उत्पादन करेगी और जिप्सम बनाएगी, जिसका उपयोग सीमेंट उद्योग में किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने एनएच-12 (100 किलोमीटर) के फरक्का-रायगंज खंड के चार लेन की सड़क परियोजना का भी उद्घाटन किया। लगभग 1986 करोड़ रुपये की लागत से विकसित यह परियोजना यातायात की भीड़भाड़ को कम करेगी, कनेक्टिविटी में सुधार करेगी तथा उत्तर बंगाल और पूर्वोत्तर क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देगी। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में 940 करोड़ रुपये से अधिक की चार रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं, जिनमें जिनमें दामोदर-मोहीशिला रेल लाइन के दोहरीकरण की परियोजना; रामपुरहाट और मुरारई के बीच तीसरी लाइन; बाजारसौ-अजीमगंज रेल लाइन का दोहरीकरण और अजीमगंज-मुर्शिदाबाद को जोड़ने वाली नई लाइन शामिल है। ये परियोजनाएं रेल कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी, माल ढुलाई की सुविधा प्रदान करेंगी और क्षेत्र में आर्थिक और औद्योगिक विकास में योगदान देंगी।

# मोदी सरकार की योजनाओं को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संकल्प के साथ प्रदेश में लागू किया : नायब सैनी

## पुंडरी में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया, वर्चुअली सभी विधानसभा कार्यालयों उप उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर भी जमकर किए वार

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा है कि मोदी सरकार की योजनाओं को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संकल्प के साथ प्रदेश में लागू किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में लगे हैं, तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा प्रदेश को विकसित बनाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी लोकसभा चुनाव के लिए 90 विधानसभाओं में चुनाव कार्यालयों के उद्घाटन अवसर पर पुंडरी में खुले कार्यालय का शुभारंभ करते हुए बोल रहे थे। शनिवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम में मौजूद होकर सभी 90 विधानसभा कार्यालयों का उद्घाटन किया। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी इस कार्यक्रम में पुंडरी से जुड़े और मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। मुख्यमंत्री से पहले प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने भी प्रदेश के सभी विधानसभा कार्यालयों पर उपस्थित लोगों को वर्चुअली भी संबोधित किया। पुंडरी में बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की राजनीति के मायनों को बदला है। मोदी सरकार की योजनाओं को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संकल्प के साथ हरियाणा में धरातल पर उतारा है। नायब सैनी ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश प्रधानमंत्री ने पानीपत की भूमि से दिया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस मिशन पर संकल्प के साथ काम किया और इसके सार्थक परिणाम आ




रहे हैं। लाखों बेटियों को जीवनदान मिला है। बेटियों को शिक्षित करने के लिए 20 किलोमीटर दूरी पर कालेज खोलने का काम मनोहर सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित बनाने के काम में जुटे हुए हैं तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश को विकति बनाने में लगे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2014 से पहले प्रदेश के युवाओं का सरकारों से विश्वास उठ चुका था। कांग्रेस के समय में पर्ची और खर्ची से युवाओं को नौकरियां मिलती थी, लेकिन 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद मनोहर सरकार ने युवाओं में विश्वास पैदा किया और गुडगवर्नेंस के जरिए सुशासन स्थापित किया। हरियाणा में अब युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं।

नायब सैनी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां अपने चुनावी घोषणापत्र में बड़े-बड़े वादे करती थी, 24 घंटे बिजली देने का दावा करती थी, लेकिन चुनाव जीतने के बाद भूल जाती थी। मनोहर सरकार ने जो वादे किए उन्हें पूरा किया और आज 24 घंटे बिजली लोगों को मिल रही है। गरीब लोग आयुष्मान और चिरायु कार्ड के जरिए फ्री में अपना इलाज करा रहे हैं।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार किसान हितैषी सरकार है। इन दस सालों में डबल इंजन की सरकार ने किसानों के हित में अनेकों योजनाएं बनाईं। भावांतर भरपाई योजना के तहत किसानों के नुकसान की भरपाई सरकार ने की। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को होने वाले नुकसान से बचाने का काम मोदी और मनोहर सरकार कर रही है। बुजुर्गों को 3 हजार रुपये पेंशन देने का काम भी मनोहर सरकार ने किया है।

आगामी कार्यक्रमों के बारे में बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि 4 मार्च, 5 मार्च और 6 मार्च तक कई बड़े कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 4 मार्च को जिला स्तर पर महिलाओं की मैराथन का आयोजन किया जायेगा। 5 मार्च को विधानसभा स्तर पर स्कूटी रैली निकाली जाएगी। उन्होंने बताया 6 मार्च को ही प्रधानमंत्री मोदी अपने पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान देश भर की महिलों को संबोधित करेंगे। नायब सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव जीतने के लिए पार्टी का हरेक कार्यकर्ता मजबूती से जुटा हुआ है। युवा मोर्चा नवमतदाता, किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा, एससी मोर्चा दलित बस्तियों में संपर्क अभियान और ओबीसी मोर्चा समरसता सम्मेलनों का आयोजन करेगा।

**चुनाव लड़ने से भी डर रही कांग्रेस: नायब सैनी**

चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि जब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ही मान रहे हैं कि भाजपा 400 पार सीटें जीतेगी, तो ऐसे में कांग्रेस के अंदर एक भय बना हुआ है और कांग्रेस के नेता चुनाव लड़ने से भी कतरा रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी पर भी जमकर हमला बोला। नायब ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली और पंजाब दो राज्यों में सरकार हैं, लेकिन इन दोनों राज्यों में विकास के नाम पर केवल जनता को झूठ बोलकर गुमराह किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने मांग की कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान श्वेतपत्र जारी कर बताएं कि इन दोनों राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकार ने क्या विकास कार्य करवाए हैं।

एक सवाल के जवाब में नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मनोहर लाल ने बेटियों को बचाने और बेटियों को पढ़ाने का एतिहासिक कार्य किया है। जबकि कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की सरकार जिन राज्यों में हैं, वहां महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हर क्षेत्र में विकास करवाया है। हर वर्ग खुश हैं और तरक्की कर रहा है। इसलिए मोदी सरकार अबकी बार 400 पार की बात जनता ही कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे खुद मान रहे हैं कि मोदी नेतृत्व में भाजपा 400 से भी अधिक सीट जीतेगी।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक गुज्जर, पूर्व विधायक तेजबीर, पूर्व विधायक दिनेश कौशिक, सुभाष हजवाज, प्रदेश कार्यकरणी संदस्य सतपाल जाम्बा, राजिंद्र शर्मा, कृष्ण पीलनी बलविंदर जांगड़ा विनोद बंसल बलकार गोलन संजीव रासिना अरुण सराफ रमनदीप कौर, जितेंद्र राणा, पवन सैनी, रोशन लाल, सैनी चमेल सिंह, सत्यवान बिहान, कर्मवीर सैनी और जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# यूपी का राजनीतिक माहौल, भाजपा के पक्ष में शत-प्रतिशत : धनखड़

## उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन गाजियाबाद पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़

## भाजपा राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान गौतमबुद्ध नगर, बागपत, मेरठ और गाजियाबाद लोकसभा सीटों की चुनावी तैयारियों का लिया जायजा

## चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न का सम्मान, हर किसान का हुआ सम्मान

## कार्यकर्ता मोदी को फिर से पीएम बनाने के लिए जुट जाएं - बोले धनखड़




**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ उत्तर प्रदेश में अपने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की चुनावी तैयारियों का पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जायजा लिया। इस दौरान चुनाव प्रबंधन समिति और कोर कमेटी के साथ बैठक की। धनखड ने कहा कि यूपी का राजनीतिक माहौल शत-प्रतिशत भाजपा के पक्ष में है। डबल इंजन की सरकार ने यूपी में बेहतरीन कार्य किया है। गरीब कल्याण और किसानों के हित में निर्णय लिए गए हैं। फसलों और गन्ने का भाव निरन्तर बढ़ाया गया। किसान हित की सोच को राजनीति में स्थान दिलाने वाले चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने बड़ा निर्णय मोदी सरकार ने लिया। हर किसान अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है।

धनखड़ ने कहा कि यही समय है और सही समय है जब सभी बोल रहे हैं भाजपा 400 पार । उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की आहट के बीच पूरे देश में एक ही आवाज सुनाई दे रही है, अबकि बार भाजपा 400 पार और केंद्र में फिर से बनाएं मोदी सरकार । भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने शनिवार को उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता भाजपा के साथ चलने को तैयार है, कार्यकर्ताओं को अति आत्मविश्वास से बचना होगा और जनता के बीच रहकर बेहतर चुनावी प्रबंधन में जुटना होगा। धनखड़ ने कहा कि भाजपा के पास के मोदी जैसा ओजस्वी नेतृत्व, पन्ना प्रमुख तक मजबूत संगठन और पिछले दस वर्षों में केंद्र व प्रदेशों में भाजपा की सरकारों के उल्लेखनीय कार्य गिनाने व बताने को हैं। मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश की सुदृढ़ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था, गरीब, किसान, श्रमिक हितैषी कल्याण कार्य, सुशासन की नीति और सांस्कृतिक विकास के रिकॉर्ड कार्य हुए हैं। मोदी के नेतृत्व में देश चंद्रमा तक पहुंच गया है। सैन्य आधुनिकीकरण भारत की शक्ति कई गुणा बढ़ी है और दुश्मन थर्राने लगे हैं।

धनखड़ ने कहा कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण, दिव्य काशी को भव्य काशी बनाना, कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक का खात्मा करना, हर भारतीय का अमृत काल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना ऐसे कार्य हैं। जिनसे आम भारतीय का विश्वास भाजपा के प्रति बढ़ा है और इसी विश्वास के साथ देश के विकास की गति को कायम रखने के लिए मोदी को लगातार तीसरी बार पीएम बनाना चाहता है। अब कार्यकर्ताओं को जुटना होगा और हर मतदाता तक पहुंचना होगा।

तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन गाजियाबाद पहुंचने पर नगर पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ का स्थानीय नेताओं ने जोरदार अभिनंदन किया। इससे पहले दो दिन गौतमबुद्ध नगर, बागपत, मेरठ लोकसभा क्षेत्र में बैठकें की।

बैठक में नरेंद्र कश्यप मंत्री यूपी सरकार, सासंद अनिल अग्रवाल, विजय शुक्ला प्रभारी लोकसभा क्षेत्र, अजय शर्मा संयोजक, विधायक सुनील शर्मा, अजीत पाल त्यागी, अतुल गर्ग, नंदकिशोर गुर्ज्जर व धर्मेश तोमर, एमएलसी दिनेश गोयल, नरेश तोमर, संजीव शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों ने देश व प्रदेश की तस्वीर व तकदीर बदलने का किया कार्य : राव नरबीर

## जनसंपर्क अभियान के तहत पूर्व मंत्री ने बादशाहपुर विस क्षेत्र के गाडौली खुर्द, मोहम्मदपुर व खैंटावास में जनसभाओं को किया संबोधित

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हिसार, सिरसा व रोहतक लोकसभा के कलस्टर प्रभारी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कुशल नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने देश व प्रदेश की तस्वीर व तकदीर बदलने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओजस्वी नेतृत्व ने जहां दुनियाभर में देश का रुतबा बढ़ाया, वहीं मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने बिना खर्ची-पर्ची की पारदर्शी सरकार देकर हरियाणा के विकास में नई ईबारत लिखने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में हुए ऐतिहासिक कार्यों से आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे व भाजपा अपने बूते प्रदेश में सरकार बनाएगी।

पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह शनिवार को बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के जनसंपर्क अभियान के तहत गाडौली खुर्द, मोहम्मदपुर तथा खैंटावास में आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। सभी स्थानों पर पूर्व मंत्री का पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों व आयोजकों की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। महिलाओं ने भी भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराकर अपने प्रिय नेता को भी जीत का आशीर्वाद दिया।

जनसभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि जब क्षेत्र की जनता ने अपना आशीर्वाद देकर विधायक बनाया और उन्हें मंत्री बनने का अवसर मिला। उन्होंने देखा कि प्रदेश को सबसे अधिक रेवेन्यु देने वाले गुरुग्राम जिले में अनेकों समस्याएं तथा मांगे लंबित हैं। क्षेत्र की जनता ने उनके समक्ष तीन प्रमुख मांगे रखी थी। गुरुग्राम जिले में अस्पताल बनवाने, कॉलेज बनवाने तथा फरुर्खनगर का बाईपास बनवाने की मांग उनके समक्ष आई थी। उन्होंने क्षेत्र के तीनों कार्यों को पूरा कराने का कार्य किया। उसके उपरांत क्षेत्र में युनिवर्सिटी की मांग भी सामने आई। जिसके बाद उनकी विशेष मांग पर मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने यहां विश्वविद्यालय बनाकर ऐतिहासिक कार्य किया। जिसका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलता रहेगा।



उन्होंने कहा कि बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने जितने विकास कार्य कराएं हैं, उतना न तो पहले किसी ने कराएं है और आगे भी नहीं करा पाएगा।

पूर्व मंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल कभी भी बज सकता है। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से जो भी कमल के फूल का चिह्न लेकर आएगा, उसे भारी मतों से विजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों का जोश व उत्साह बता रहा है कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कुशल नेतृत्व में हरियाणा की सभी दस सीटों पर कमल खिलना तय है।

इस मौके पर गांव गाडौली में रामवीर, सतपाल, कमल, मनीष, ललित, सुभाष, अनिल, मुकेश, मांगेराम, धर्मेंद्र, फौजी, रमेश, अनिल, धर्मवीर, हरपाल तथा कुलदीप, गांव मोहम्मदपुर में नरेन्द्र बेदी, पूनम सरपंच, बबीता पंच, कविता पंच, ललित पंच, राकेश सरपंच मोहम्मदपुर, सतबीर सरपंच, अश्वनी जैन, वीरेंद्र जैन, सुरेंद्र कुमार, कृष्ण पंडित पातली, जयप्रकाश सैदपुर, सतपाल शर्मा, अमित शर्मा उर्फ धोलू, धर्मपाल सरपंच हाजीपुर, संदीप, वेद प्रकाश नंबरदार, लाल सिंह, लालू, तेजपाल, राजेश, राजेंद्र यादव, सुरेंद्र सैदपुर, हरीश शर्मा मुबारिकपुर, नवीन यादव, सरपंच धानवास, धर्मेंद्र फौजी, जेपी मास्टर, आरती यादव, प्रीतम यादव सरपंच, आनंद सरपंच अकलीपुर, दिनेश गांधीनगर, राजेश गुलिया, बाबूलाल, जीतराम मास्टर, महावीर मास्टर व योगेश खटाना तथा गांव खैंटावास में पृथ्वी सरपंच, देवेंद्र सरपंच, वेदप्रकाश नंबरदार, देव प्रकाश नंबरदार, सतबीर नंबरदार, महिपाल चेयरमैन, सरजीत चेयरमैन, मोहर सिंह, देशराज, मनोज, सुनील पंच, नरेंद्र ठेकेदार, वेद पंडित, नरेंद्र ठेकेदार समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता तथा ग्रामीण मौजूद रहे।